चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 83, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 17 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पत्नी और तीन अबोध बेटियों का गला काट फांसी पर लटक गया था राहुल, दो पन्ने का मिला सुसाइड नोट

सामूहिक नरसंहार से दहला प्रयागराज

प्रयागराज

शहर के नवाबगंज थाना अंतर्गत शुक्रवार देर रात एक ही परिवार के 5 लोगों के शव घर में मिले थे। घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के खागलपुर गांव की है। पत्नी और 3 बेटियों को धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा गया है। वहीं, पति का शव आंगन के जाल से फांसी पर लटका मिला। पति के शरीर पर हथियार के जख्म तो नहीं हैं, लेकिन हाथ और बनियान पर खून के छीटें मिले हैं। दरवाजे पर खून से सना चापड़ मिला है। शुरूआत में 5 लोगों की हत्या की थ्योरी पर छानबीन शुरू हुई। वहीं, शाम तक आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि पति ने आत्महत्या की थी।मृतकों की शिनाख्त पति राहुल तिवारी (42), पत्नी प्रीति (38) और तीन बेटी माही, पीहू और पोहू के रूप में हुई है। पुलिस को परिस्थितियां देखकर पहले ही शक था कि राहुल ने पहले पत्नी और 3 बेटियों की हत्या की। इसके बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुलिस की थ्योरी सही साबित हो रही है। वहीं, मृतक राहुल की बहन का आरोप है कि उसका ससुराल वालों से काफी विवाद चल रहा है। ससुराल वालों ने ही हत्या को अंजाम दिया है।

एसएसपी अजय कुमार ने कहा कि घर से दो पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। नोट में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्हें घटना का कारण बताया है। साथ ही ससुराल पक्ष से मकान और खेत का विवाद भी बताया है। ससुराल पक्ष और उनसे संबंधित लोगों के नाम भी लिखे हैं। इस पूरे प्रकरण में मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है।

जांच के लिए 7 टीमें बनाई गई

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार के कहा कि शासन और डीजीपी की तरफ से यही निर्देश मिले हैं कि एडीजी प्रयागराज जोन की देखरेख में मामले की जांच की जाएगी। जांच के लिए एसटीएफ की भी मदद ली जाएगी। एसएसपी अजय कुमार ने कहा कि राहुल ने हत्या कर खुद फांसी लगा ली या किसी और ने पांचों की हत्या की है, इन सभी एंगल से पुलिस जांच कर रही है। कुल 7 टीमें तफ्तीश के लिए बनाई गई हैं। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद स्थितियां साफ हो जाएंगी।

उपचुनाव: टीएमसी, राजद, कांग्रेस की बंपर जीत

बिहार में राजद, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और बंगाल में टीएम की जीत, भाजपा खाली हाथ रही

नई दिल्ली/कोलकाता/पटना : देश की एक लोकसभा और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट पर टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा, जबकि बालीगंज विधानसभा सीट पर टीएमसी के ही बाबुल सुप्रियो ने बड़ी जीत हासिल की है। उधर, बिहार के बोचहां विधानसभा सीट पर राजद के अमर पासवान विजयी हुए हैं। महाराष्ट्र के कोल्हापुर नॉर्थ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार जयश्री जाधव ने बीजेपी के सत्यजीत कदम को करीब 19,000 वोटों से करारी शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस की यशोदा वर्मा 20 हजार 167 वोटों से जीत गई हैं। भाजपा खाली हाथ रही।

बंगाल में टीएमसी की बंपर जीत: आसनसोल लोकसभा सीट पर शत्रुघ्न सिन्हा जीते। उन्होंने बीजेपी की अग्निमित्रा पॉल को 2 लाख 64 हजार 913 वोट से हराया। ये सीट पिछले साल बाबुल सुप्रियो के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सुप्रियो बीजेपी छोड़कर टीएमसी में शामिल हो गए थे। बालीगंज विधानसभा सीट से बाबुल सुप्रियो 20 हजार 228 वोट से जीते हैं। उन्होंने बीजेपी की केया घोष और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सायरा शाह को हराया। यह सीट पर पूर्व विधायक और राज्य के मंत्री रहे सुब्रत मुखर्जी के निधन के बाद खाली हुई थी।

महाराष्ट्र में कांग्रेस जीती: महाराष्ट्र की कोल्हापुर उत्तर विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जीत हुई। कांग्रेस की जयश्री जाधव ने बीजेपी के सत्यजीत कदम को करीब 19 हजार वोटों से करारी शिकस्त दी। ये सीट भी दिसंबर 2021 में कोविड-19 से कांग्रेस विधायक चंद्रकांत जाधव के निधन के बाद से खाली हुई थी। इस कारण यहां उपचुनाव हुए।

बिहार में राजद का परचम लहराया

बिहार के बोचहां विधानसभा सीट पर राजद के अमर पासवान विजयी हुए। इन्होंने भाजपा की बेबी कुमारी को 36,653 वोटों से हराया। यह सीट विधायक मुसाफिर पासवान के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर 13 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इनमें तीन महिलाएं थीं।

छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ सीट पर कांग्रेस जीती: छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस की यशोदा वर्मा ने 20 हजार 167 वोटों से जीत हासिल की है। यह सीट जनता कांग्रेस के विधायक देवव्रत सिंह के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे

पीके ने कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रोडमैप बताया

हार्दिक ने लगाया था कांग्रेस हाईकमान पर गंभीर आरोप

बुधवार को गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने हाईकमान पर फैसला नहीं ले पाने का आरोप लगाया था। हार्दिक ने कहा था कि राहुल गांधी से भी मैंने कई बार कहा, लेकिन कांग्रेस हाईकमान कोई फैसला नहीं कर पा रही है। हार्दिक ने पाटीदार नेता नरेश पटेल के कांग्रेस में शामिल नहीं कराए जाने को लेकर नाराजगी जताई थी।

गुजरात-हिमाचल प्रदेश चुनाव पर नजर: इस साल के अंत में भाजपा के सामने गुजरात और हिमाचल प्रदेश को बचाने की बड़ी चुनौती होगी। दोनों ही राज्यों में उसके सामने कांग्रेस टक्कर में नजर आएगी। ऐसे में सोनिया और राहुल गांधी इन दोनों ही राज्यों में पार्टी की स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

नई दिल्ली: अब तक कई राजनीतिक दलों के रणनीतिक सलाहकार की भूमिका निभा चुके प्रशांत किशोर (पीके) बड़ा एलान करने वाले हैं। इसके संकेत मिले हैं 10 जनपथ पर उनकी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ हुई मुलाकात से। बताया गया है कि प्रशांत किशोर सोनिया से मिलने उनके आवास पहुंचे। यहां पहले ही कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर आयोजित कांग्रेस पार्टी की बैठक करीब 4 घंटे तक चली। बैठक में प्रशांत किशोर ने नेताओं को प्रेजेंटेशन दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर प्रशांत किशोर ने एक प्रेजेंटेशन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और कुछ बड़े नेताओं के सामने पेश की। उनके इस प्रेजेंटेशन पर समीक्षा के लिए टीम बनाई जाएगी, जो कुछ समय बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और उसके बाद आखिरी निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में शामिल होने वाले नेताओं में मल्लिकार्जुन खड़गे, एके एंटनी, अंबिका सोनी, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, दिग्विजय सिंह और अजय माकन शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों से अटकलें हैं कि प्रशांत किशोर को गुजरात चुनाव में कांग्रेस बड़ी भूमिका दे सकती है। इससे पहले एक इंटरव्यू में खुद प्रशांत ने मई में अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ा एलान करने की बात कही थी। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि प्रशांत किशोर की टीम गुजरात में सर्वे भी कर रही है।

इस बैठक से पहले प्रशांत किशोर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी मिल चुके हैं। बता दें कि पंजाब चुनाव से पहले भी प्रशांत किशोर की कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ कई मुलाकातें हुई थीं। इस दौरान उनके कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें भी चली थीं। हालांकि, किशोर और कांग्रेस में बात नहीं बनी।

कांग्रेस ने बनाई कमेटी, फैसला एक हफ्ते में: कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में पीके ने 2024 को लेकर प्रजेंटेशन दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक कमेटी बनाने की घोषणा की है। कमेटी एक हफ्ते में रिपोर्ट देगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही कांग्रेस आगे काम करेगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने पीके को पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया है।

10 से ज्यादा नेता हुए शामिल: सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर पार्टी के 10 से ज्यादा नेताओं को बुलाया गया है। इनमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, एके एंटोनी, दिग्विजय सिंह, अजय माकन, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक, पी. चिदंबरम और रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे।

पंजाब: वादे पर खरे उतरे भगवंत मान

चंडीगढ़: पंजाब में एक जुलाई से हर माह 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। शनिवार को सीएम भगवंत मान ने इसकी औपचारिक घोषणा की। 300 यूनिट मुफ्त बिजली देना पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। पंजाब में दो महीने में 600 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। औद्योगिक और व्यापारिक बिजली कनेक्शन के भी दाम नहीं बढ़ेंगे। दो किलोवॉट तक के सभी परिवारों का 31 दिसंबर 2021 तक बिल माफ होगा। दिल्ली के बाद पंजाब देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां बिजली फ्री होगी।

केजरीवाल ने भगवंत मान को दी बधाई: आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस फैसले के लिए भगवंत मान को बधाई दी है। केजरीवाल ने कहा कि भगवंत जी, इस शानदार निर्णय के लिए बहुत बधाई। हमने अपना पहला वादा पूरा किया। हम जो कहते हैं, करते हैं। दूसरी पार्टियों की तरह झूठे वादे नहीं करते। अब साफ नीयत वाली ईमानदार, देशभक्त सरकार आ गई है। भ्रष्टाचार खत्म करके पैसे बचाएंगे। पंजाब की तरक्की में पैसे की कमी नहीं होने देंगे।

पीएम ने मोरबी में हनुमान मूर्ति का अनावरण

3 साल में बनी 108 फीट की मूर्ति, हनुमान ने हमेशा सफलता का श्रेय भगवान राम को दिया: मोदी

मोरबी: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हनुमान जयंती' के अवसर पर गुजरात के मोरबी में भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की पूर्ति बताया है। उन्होंने कहा कि रामकथाएं भारतीय आस्था, आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा को मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को गुजरात के मोरबी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये देश और दुनियाभर के हनुमान भक्तों के लिए बहुत सुखदायी है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह केवल हनुमान जी की प्रतिमाओं की स्थापना का संकल्प नहीं है, बल्कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प का भी एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हनुमानजी चार धाम परियोजना के तहत देश भर में चार दिशाओं में स्थापित की जा रही चार मूर्तियों में से यह दूसरी प्रतिमा है। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से शिमला में ऐसी ही भव्य हनुमान प्रतिमा देख रहे हैं।

दूसरी प्रतिमा को आज मोरबी में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम और पश्चिम बंगाल में दो और मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने हनुमान जयंती पर वनवासियों की बेहतरी का श्रेय भगवान हनुमान को दिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी अपनी भक्ति से, अपने सेवाभाव से सबको जोड़ते हैं। हर कोई हनुमान जी से प्रेरणा पाता है। हनुमान वो शक्ति और संबल हैं जिन्होंने समस्त वनवासी प्रजातियों और वन बंधुओं को मान और सम्मान का अधिकार दिलाया। इसलिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भी हनुमान जी एक अहम सूत्र हैं। उन्होंने कहा कि रामकथा का आयोजन भी देश के अलग-अलग हिस्सों में किया जाता है। भाषा-बोली जो भी हो, लेकिन रामकथा की भावना सभी को जोड़ती है, प्रभु भक्ति के साथ एकाकार करती है।

यही तो भारतीय आस्था की, हमारे आध्यात्म की, हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा की ताकत है। उन्होंने कहा कि इसने गुलामी के मुश्किल कालखंड में भी अलग-अलग हिस्सों और अलग अलग वर्गों को जोड़ा, आजादी के राष्ट्रीय संकल्प के लिए एकजुट प्रयासों को सशक्त किया।

देश में फैलाया जा रहा 'नफरत का वायरस': सोनिया

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नफरत, कट्टरता और असहिष्णुता देश को अपनी चपेट में ले रही है, अगर इन्हें रोका नहीं गया तो यह समाज को नुकसान पहुंचाएगा। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख में लोगों से आह्वान किया है कि इसे आगे नहीं बढ़ने दिया जाए। उन्होंने लोगों से 'घृणा की इस प्रचंड आग और सुनामी' को रोकने का आग्रह किया। लेख में सोनिया ने लिखा कि अगर इस आग को नहीं रोका गया तो ये पिछली पीढ़ियों द्वारा इतनी मेहनत से बनाई गई सभी चीजों को नष्ट कर देगी। इस लेख में सोनिया ने 'नफरत के वायरस' की बात कही है। उन्होंने लिखा कि नफरत और विभाजन का वायरस है जो अविश्वास को बढ़ाता है और देश में स्वस्थ बहस को दबाता है ये एक देश और समाज के रूप में हमें नुकसान पहुंचा रहा है। इस दौरान उन्होंने सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे लोगों को हिदायत क्यों नहीं देते जो ऐसी बातें करते हैं ।

घाटी में तनाव: कश्मीरी पंडितों सहित हिंदू समुदाय को लश्कर-ए-इस्लाम की धमकी

श्रीनगर: कश्मीरी पंडितों व हिंदुओं को धमकी भरे पत्र और इन समुदायों के लोगों पर हो रहे हमलों ने घाटी में दहशत और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। हाल में वीरवन बारामुला की पंडित कॉलोनी में कश्मीरी पंडितों को एक नया धमकी भरा पत्र सामने आया। कॉलोनी में रह रहे एक शख्स ने बताया कि यह पत्र उन्हें डाक से मिला।

कश्मीरी पंडितों और अन्य गैर मुसलमानों को इस्लाम कबूल करने को कहा: आतंकी संगठन लश्कर-ए-इस्लाम का जो पत्र बारामुला में सामने आया है, उसमें कश्मीरी पंडितों और अन्य गैर मुसलमानों को इस्लाम कबूल करने या आतंकवादी संगठन के हमलों का सामना करने की धमकी दी गई है। कॉलोनी में रहने वाले एक पंडित ने बताया कि धमकी भरा पत्र डाक से पहुंचा, जो कॉलोनी के सुरक्षाकर्मियों को मिला।

पुलिस ने कहा शिविर की सुरक्षा बढ़ाएंगे: कालोनी के एक निवासी ने बताया कि वह पत्र के साथ डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी बारामुला के पास गए और उन्हें सूचित किया। उन्होंने एसएचओ से मिलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कहा कि वे शिविर की सुरक्षा बढ़ाएंगे, लेकिन सभी के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा संभव नहीं है।

350 लोग इस पंडित कॉलोनी में रह रहे: कहा कि लगभग 350 लोग इस पंडित कॉलोनी में रह रहे हैं और उनमें से 150 ऐसे हैं, जो रोजाना काम के लिए बाहर जाते हैं। पुलिस के अनुसार वे धमकी पत्र की जांच कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता विजय रैना और देवसर कुलगाम के सरपंच ने एलजी से धमकी वाले पत्र को गंभीरता से लेने की अपील की है।

2015 में लश्कर-ए-इस्लाम का सफाया कर दिया गया था: पुलिस के अनुसार 2015 में लश्कर-ए-इस्लाम का सफाया कर दिया गया था। तब से उनकी गतिविधि कश्मीर में कहीं नहीं देखी गई थी। धमकी वाले पत्र की जांच कर रहे हैं। इस बीच कश्मीर में रहने वाले सभी कश्मीरी पंडितों और गैर-मुस्लिमों की सुरक्षा की लगातार समीक्षा की जा रही है।

यूपी: नए कोविड मरीजों को लेकर सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में बीते कुछ दिनों से कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका असर है। गौतमबुद्ध नगर में 70 और गाजियाबाद में 11 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत पूरे एनसीआर को अलर्ट मोड में रखा जाए। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड पॉजिटिव पाए गए मरीजों के सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इन जिलों के डीएम, सीएमओ से संवाद कर स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम 9 के साथ बैठक में अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 507 है।

खबर संक्षेप

निशाने बाजी प्रतियोगिता में छात्र ध्रुव ने जीता पदक

सिरसा। प्रयागराज जनपद क्षेत्र सोरांव ग्रामपंचायत दलई पुर के क्षेत्र में ध्रुव सिंह पुत्र हितेश कुमार ने ईगल आई सूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से आयोजित निशाने बाजी प्रतियोगिता में गुरुकुल मांटेसरी स्कूल शान्तिपुरम के विद्यार्थी ध्रुव सिंह ने कई पदक जीते। फतेपुर में आयोजित दस मीटर एयर राइफल जिला निशाने बाजी प्रतियोगिता में छात्र ध्रुव सिंह ने पांच सवर्ण पदक और एक -एक कांस्य पदक जीतकर अपने नाम किया। और साथ ही साथ अपने विद्यालय एवं गुरुजनो और माता-पिता और गांव व जिला का नाम रोशन किया। इस खुसी के मौके पर ध्रुव के पिता हितेश कुमार ने गांव वालो को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को धन्यवाद और स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती रीता सिंह, राम आधार सरोज, गुड़िया देवी, यशवंत सिंह, अभिषेक कुमार, डॉक्टर अध्यन सिंह, अंशल सिह (राजा), एडीएशन सिंह (अमन), आस्टिस सिह (चुलबुल) आदि लोगो ने उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त ने फाफामऊ पुल मरम्मत के कार्यों में लापरवाही पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

पीपे के पुल के मार्गों पर लेवलिंग और पानी का छिड़काव निरंतर हो : मण्डलायुक्त

टीम बनाकर कार्यों को पूर्ण करने व स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त रखने के डीएम ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने फाफामऊ पुल पर हो रहे मरम्मत के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कार्यों में तेजी लाये जाने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडब्लूडी के एन0एन0 डिवीजन-1 को निर्देशित किया कि टीम बनाकर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाये। उन्होंने पीपे के पुल पर बिजली की व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने के निर्देश बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिए। उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल बदले जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि पीपे के पुल के पास जे0सी0बी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे तथा जहां पर भी गड्ढ़ा हो जाता है, उसको निरंतर लेवलिंग करते रहे तथा पानी की छिड़काव आदि की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को फाफामऊ पुल पर खराब स्ट्रीट लाइटों को बदले जाने के लिए कहा है।

पुल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त व जिलाधिकारी संजय खत्री

भारतीय किसान यूनियन ने जंघई मे बैठक कर सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

जंघई। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजनाथ यादव की अध्यक्षता मे किसानों की एक बैठक शनिवार को जंघई स्टेशन चौराहे पर सम्पन्न हुई ।बैठक में उन्होंने भारत के राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी मछलीशहर को थानाध्यक्ष मीरगंज के माध्यम ज्ञापन सौपा ।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजनाथ यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की एसएसपी पर गारंटी कानून बनाकर वादा पूरा करो, महंगाई पर रोक लगाते हुए डीजल पेट्रोल के दाम कम किए जाएं, मनरेगा में वर्ष में 300 दिन काम और 600 रुपए दैनिक मजदूरी दिया जाए, किसानों का बिजली बिल व कर्ज माफ करो, तथा तीन सौ यूनिट बिजली फ्री किया जाए चारों श्रम संहिता रक्षा सेवा कानून पत्र रद्द करो राष्ट्रीय संपत्तियों का निजीकरण बंद करो शिक्षित रोजगार को पांच हजार रुपए मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए, पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाए, जंघई से मुंगरा बादशाहपुर तक गड्ढे में तब्दील जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए ।अंत मे ज्ञापन थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिंह को सौपा गया ।बैठक मे अमरनाथ, सुरेश, सुमित्रा, संगीता, मंजू, धर्मराज पटेल, खलील, जगदंबा प्रसाद, गंगा प्रसाद, बाबू राम, सविता, श्याम लाल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

महानिदेशक ने किया फायर ट्रेनिंग हाल का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। डीजी (फायर सर्विस) ने सिविल लाइंस में फायर स्टेशन परिसर में नवनिर्मित फायर ट्रेनिंग हॉल का उद्घाटन किया। सिविल लाइन, प्रयागराज में स्थित फायर स्टेशन में फायर ट्रेनिंग हाल का निर्माण अल्ट्राटेक बारा यूनिट द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वहन (सीएसआर) के तहत करवाया गया है। डीजी (फायर सर्विस) अविनाश चंद्र मौर्य ने ट्रेनिंग हाल का उद्घाटन करते हुए अल्ट्राटेक बारा के प्रयासों की सराहना की और मौके पर मौजूद अल्ट्राटेक बारा यूनिट के एचआर हेड ललन सिंह के प्रति इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आरके पांडेय ने अल्ट्राटेक प्रबंधन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब आम जनमानस में फायर सेफ्टी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नियमित तौर पर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु लगने वाली आग पे काबू पाना आसान होगा।

मेजा ऊर्जा निगम ने मनाया अग्निशमन सेवा दिवस

अग्नि दुर्घटनाओ के प्रति सदैव सचेत रहना ही जान की सुरक्षा : अनिल कुमार

मेजा। मेजा ऊर्जा निगम में विगत ब्रहस्पतिवार को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सी आई एस एफ ;मेजा ऊर्जा निगम द्ध यूनिट द्वारा मुंबई डॉकयार्ड अग्नि दुर्घटना मे शहीद हुए बहादुर दमकलकर्मियों के याद मे एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा की अग्नि सहायक भी होती हे और घातक भी। हमें अनियंत्रित अग्नि से होने वाले दुर्घटनाओं के प्रति सदैव सचेत रहते हुए जान माल की सुरक्षा हेतु तत्पर रहना चाहिए। यही हमारी ओर से उन अग्निशमन कर्मचारियों के शहादत के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। कार्यक्रम मे पी एएचण रामए सहायक कमांडेंट ;बैथ्द्धए पीयूष कुमारए महाप्रबंधक ;ओ एंड एमद्धए संजय शुक्लाए महाप्रबंधक ;मैकेनिकल इरेक्शनद्धए प्रदीप कुमार साबतए महाप्रबंधक ;संविदा एवं सामग्रीद्धए अजीत बसकए महाप्रबंधक ;प्रचालनद्धए अशोक कुमार सिन्हाए अपर महाप्रबन्धक ;वित्तद्धए एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

अग्निशमन कर्मचारियों के शहादत में श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी

पॉवर प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज समेत दो गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने पीपीजीसीएल पावर प्लांट में घटित हत्या के वांछित आरोपी सिक्योरिटी इंचार्ज सुनील कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है ।शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एनटीपीसी पुलिया के पास से सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय गया नाथ कुमार निवासी नजदीक प्राकृतिक स्कूल जयप्रकाश नगर पोस्ट जीपीओ पटना बिहार,हाल पता पीपीजीसीएल कॉलोनी शंकरगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि बीते दिनों प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में काम करने गए कौशल किशोर की हत्या कर दी गई थी। शंकरगढ़ पुलिस ने पावरप्लांट के एसओ, गनमैन, गार्ड समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि कुछ लोग फरार हो गए थे। पुलिस इनकी तलाश कई दिनों से कर रही थी,शनिवार को शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल सागर देवलिया, कांस्टेबल जयकरन ने सुरक्षा इंचार्ज सुनील कुमार को एनटीपीसी पुलिया के पास धर दबोचा। इसी तरह एक अन्य मामले में शंकरगढ़ पुलिस ने एक वारंटी शालिक राम पुत्र शिव शंकर निवासी बिहरिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ मनोज कुमार सिंह, उप निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा, कांस्टेबल अर्जुन यादव, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ओझा आदि लोग रहे।

पांच ब्राह्मणों की नृशंस हत्या पर लोगों ने जताया दुःख

सहसों। नवाबगंज के खागलपुर में पांच ब्राह्मणों की नृशंस हत्या की घटना का पदार्फाश के लिए सीबीआई जांच की मांग करते हुए क्षेत्र के लोगों ने घोर दुःख जताया। इस पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों की केंद्रीय कार्यालय गारापुर में एक बैठक संगठन के अध्यक्ष लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कौशाम्बी से आए नवाबगंज के खागलपुर में निवास कर रहे तिवारी परिवार के पांच ब्राह्मणों की निर्मम हत्या पर संगठन के सभी पदाधिकारी शोक संवेदना प्रकट करते हुए प्रदेश सरकार से सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने हत्या में शामिल अपराधियों को पकड़ने तथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की भी मांग की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ने कहा संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को नवाबगंज के भागलपुर तथा मूल निवास कौशाम्बी पहुंचकर परिजनों से मिलकर जानकारी हासिल करेगी तथा सरकार से अपराधियों की धरपकड़ सहित विभिन्न मुद्दों पर लिखित रूप से पत्र प्रेषित कर न्याय तथा कठोर कार्रवाई की मांग करेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप मिश्र, पंकज, शेष नारायण तिवारी, सत्येन्द्र, महामंत्री गौतम मिश्रा, संगठन मंत्री प्रमोद शुक्ला, बब्बू दुबे, जिला अध्यक्ष सूर्यमणि पांडे एवं अनुराग मिश्रा, कृष्ण देव दुबे, अनूप शुक्ला, भुनेश शुक्ला, अनुज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

श्रीं मती धनराजी देबी महिला ड्रिग्री कालेज में हुआ स्मार्टफोन का वितरण

लेडियारी। क्षेत्र के कोरांव तहसील अन्तर्गत कैथवल में श्री मती धनराजी देबी महिला ड्रिग्री कालेज में उत्तर प्रदेश अध्यनरत युवाओं छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन का वितरण समिति के अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में वितरण किया गया उपरोक्त दीपक त्रिपाठी ,प्राचार्य डॉ सी एम तिवारी, डॉक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला हिमांशु त्रिपाठी ज्योति मिश्रा विजय कांत तिवारी अधिवक्ता एवं आदर्श प्रताप सिंह आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस स्मार्टफोन का वितरण किया गया इस स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के मुख पर प्रसन्नता देखी गई पात्र छात्र बी ए तृतीय वर्ष एवं गार्गी मूर्तियां ,रूपा तिवारी ,स्मृति शुक्ला, दीपांशी ,आरती सिंह सुमन ,कुशवाहा ,आदि छात्राओं ने महाविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना का की भूर -भूर प्रशंसा की गई अभी जो छात्राओं को बितरण नहीं हो पाया है उसे सोमवार को बितरण कराया जाएगा।

पास्को एक्ट का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

बारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के अनुपालन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बारा के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर सिंह कांस्टेबल छोटेलाल के द्वारा पास्को एक्ट थाना बारा जनपद प्रयाग राज में वांछित चल रहा था अवयुक्त नितिन कोटार्य पुत्र विशंभर कोतार्य निवासी ग्राम कोटवा धाम का पूरा पांडव थाना बारा जनपद प्रयागराज उम्र 20 वर्ष लगातार दबिश एवं तलाश के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना बारा के अंतर्गत कोठवान का पूरा की पानी की टंकी के पास ग्राम पांडव से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

असिस्टेंट प्रोफेसर शारिरिक शिक्षा में कमलेश का हुवा चयन

सिरसा। प्रयागराज सोरांव कलन्दपुर क्षेत्र में कमलेश कुमार पुत्र प्रताप बहादुर ने उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग मे प्रदेश के अशासकीय सहायक प्राप्त महाविद्यालय में असींस्टेट प्रोफेसर शारिरिक शिक्षा में चयन किया गया। कमलेश कुमार एक किसान के बेटे हैं और बहुत ही गरीब परिवार से है। उनके पिता प्रताप बहादुर एक सामान्य किसान हैं। इनकी पूरी पढ़ाई का खर्च इनके पिता खेती करके पूरा करते थे। जैसे ही कमलेश के माता -पिता को चयन की खबर मिली पूरा गांव खुशी के माहौल में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा किया और एक दूसरे को गले लगाकर धन्यवाद दिया। इस मौके पर यशवन्त सिंह, राम आधार सरोज, गुड़िया देवी, रीता सिंह, अभिषेक कुमार, आस्तिस सिंह (चुलबुल), डॉक्टर अध्यन सिंह, एडीएशन सिंह (अमन), अंशल (राजा) आदि लोग उपस्थित रहे।

मेजा ऊर्जा निगम ने मनाया बाबासाहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 131वीं जयंती

प्रेरणाश्रोत है बाबासाहेब का जीवन अनिल कुमार

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा ऊर्जा निगम में ब्रहस्पतिवार को बाबासाहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 131वीं जयंती धूम.धाम से मनायी गयी। इस अवसर पर ऊर्जा निगम के समस्त कर्मचारियों ने बाबासाहेब को श्रद्धांजली अर्पित किया। बाबासाहेब की जयंती के उपलक्ष्य पर संबोधित करते हुए मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि हम सभी को डॉ. बीआर अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए एवं समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। उन्होने कहा कि उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है और हमे उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है। अनिल कुमार ने इस अवसर पर संयंत्र के आसपास के वंचितों के कल्याण के लिए मेजा ऊर्जा निगम के द्वारा किए जाने वाले पहल को साझा किया तथा सभी से स्वेच्छा से इस अभियान में शामिल होने का अपील किया। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन पर आधारित एक क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमे सभी लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पीयूष कुमारए महाप्रबंधक, ओ एंड एम संजय शुक्लाए महाप्रबंधक, मैकेनिकल इरेक्शन प्रदीप कुमार साबतए महा प्रबंधक, संविदा एवं सामग्री अजीत बसक महाप्रबंधक, प्रचालन अशोक कुमार सिन्हाए अपर महाप्रबन्धक, वित्त पी एच राम सहायक कमांडेंट, अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बाबा साहेब की जयंती पर नमन करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार

न्यूज झरोखा

हनुमान जयंती पर बारा में निकाली गई शोभायात्रा

बारा। हनुमान जयंती के उपलक्ष में श्री हनुमत मंदिर निकेतन नीबी बाजार प्रखंड शंकरगढ़ के कार्यकताओं ने बाजे गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा शोभा यात्रा अति प्राचीन मंदिर टाटा पावर प्लांट पहुंची जिसमें कार्यकताओं ने सामूहिक महा आरती सुंदरकांड का पाठ किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष श्री चंद्र नाथ पांडे जिला गोरक्षा प्रभारी विजय शंकर पांडे जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह जिला सहसंयोजक सुशील जी मिलन प्रमुख शुभम पांडे जी जिला प्रचार प्रमुख राम सिंह कबीर जी जिला सुरक्षा प्रमुख प्रवीण जी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद जी प्रखंड संयोजक आदर्श दुबे जी नगर अध्यक्ष छोटू मिश्रा मोनू तिवारी गुलाब मिश्रा जी चेतन जी राघव जी वीरेंद्र मिश्रा जी आलोक तिवारी हिंदू युवा वाहिनी के मालवीय जी चेतन दुबे मनोज शुक्ला जी राहुल दुबे जी अनुपम जयसवाल जी अवनीश जी वीरेंद्र दुबे जी प्रिंस जी मंदिर के मुख्य पुजारी पवन बाबाजी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उग्रसेनपुर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जयंती

प्रतापपुर। उग्रसेनपुर बाजार में भव्य झांकी निकाल कर धूमधाम से हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया ।जिसमें बाजार सहित आसपास के लोगों की खासी भीड़ रही झांकी में गाजेबाजे के साथ नाचंते गाते जयकारे लगाते हुये युवकों व महिलाओं की टोली ने बाजार में भ्रमण किया ।इस अवसर पर अशोक जायसवाल, पंकज मिश्रा, बाबा जायसवाल, दिनेश यादव, सोनू सिंह, मुन्ना शर्मा सहित तमाम भक्तगणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।इसी क्रम में भोगवारा ऐतिहासिक मंदिर पर कृष्ण गोपाल पांडेय द्वारा प्रसाद चढ़ाया गया जिसमे सत्येन्द्रू पांडेय, सूर्या यादव, पीके तिवारी, नमन पांडेय, विजय यादव, दीपक यादव, पंकज, अंबुज पांडेय, अभिषेक मिश्रा सहित सैकड़ों लोग सम्मलित रहे ।इसी तरह कंधरपुर हनुमान मंदिर पर भक्तों ने भजन कीर्तन किया जिसमे श्रीकांत शुक्ला, संजय शुक्ला, सत्यकान्त शुक्ला, पवन शुक्ला, अनमोल, आशीष, लवकुश आदि लोग मौजूद रहे।

माँ काली मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

करछना। काली मां के मंदिर में हनुमान जन्म उत्सव के पावन पर्व पर वीर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ शनिवार को ग्राम सभा पुरवा खास में काली मां का मंदिर में हनुमान जन्म उत्सव के पावन पर्व पर वीर हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ और काली मां के मंदिर पर भंडारा का भी प्रोग्राम किया गया क्षेत्र के दूर-दूर से लोग पूर्वा खास के काली मां के मंदिर में हनुमान जी के पूजा पाठ हो जाने के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया इस मौके पर , छविनाथ सिंह आईजी, राजन सिंह, ग्राम प्रधान उमाशंकर भारतीय, संतोष त्रिपाठी, संतोष सिंह उर्फ बबलू, सोनू सिंह, मुकेश यादव, स्वामी हिंदलाल, रघुनाथ, दिनेश सिंह, आदि ग्राम सभा के लोग मौजूद रहे।

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में श्री हनुमान धाम भेलखा में कार्यक्रम आयोजित

जंघई ।हनुमान जंयती के अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिर भेलखा प्रांगण में सुंदर काण्ड का आयोजन शुभम पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया भजन कीर्तन कर पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, शिवम पांडेय, मुन्ना पांडेय,गरुण पांडेय, अंकुर पांडेय, रत्नेश दुबे, गणेश दुबे, शिव प्रकाश तिवारी नीरज, बबलू पाल, सियाराम गुप्ता, पवन गौड़, अरुण दुबे, प्रेम शंकर गुप्ता पूर्व प्रधान, ललित दुबे, नीरज गौड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भव्य श्रृंगार,पूजा के साथ मनाई गई हनुमान जयंती...

सहसों। धरती पर इस कलिकाल में अप्रत्यक्ष रूप से राम भक्त हनुमान विराजमान हैं जिनकी शनिवार को भव्य पूजा, श्रींगार एवं सुंदरकांड पाठ के साथ उनकी जयंती मनाई गई। हनुमान जयंती के अवसर पर सहसों स्थित हनुमान जी के मंदिर में ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी के संयोजन में शनि महाराज सुबह सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ विद्वान आचार्य द्वारा हनुमान जी का भव्य श्रृंगार , पूजन, भव्य आरती किया गया। तत्पश्चात लड्डू का भोग लगाकर समस्त भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इसी तरह सहसों चौराहे पर हनुमान मंदिर पर शिवाकांत तिवारी के देखरेख में मंदिर की साफ सफाई के साथ विद्युत झालरों से मंदिर को सजाया गया। तत्पश्चात फूल मालाओं से हनुमान जी का भव्य श्रृंगार पूजन आरती तथा भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार रामनाथ पट्टी में स्थित राम जानकी मंदिर में स्थापित हनुमान जी की पूजा अर्चना पुजारी शीतला प्रसाद पांडे द्वारा किया गया तथा सायंकाल हनुमान चालीसा तथा आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

शिव उपासना से ही सभी कष्टों से मुक्ति...

सहसों। सभी देवों के देव महादेव की कृपा जिसके ऊपर बरस जाए उस मानव की समस्त दुखों, पापों से छुटकारा मिल जाता है। उनकी उपासना मात्र से ही मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं । क्षेत्र के थाना पुर गांव में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात आचार्य राजेंद्र शास्त्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव की भक्ति से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। शिव आराधना से घर में संपन्नता विपत्ति से छुटकारा तथा सभी प्रकार के कष्टों के निवारण के साथ परिवार में संपन्नता आती है। उन्होंने कहा भगवान भोलेनाथ की सच्ची श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जलाभिषेक मात्र करने से ही प्रसन्न हो जाते हैं। सभी भक्तों को चाहिए कि वे नित्य शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त करें तथा भय से मुक्ति पाए। उन्होंने कहा भक्त को समय-समय पर शिव मंदिर में भगवान का रुद्राभिषेक जरूर करना चाहिए। इस मौके पर हरिनारायण सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, विजय सिंह, रामदास सिंह, पिंटू दुबे, के बी सिंह, शिव मंगल सिंह, जयमंगल, संजय सिंह, उदय सिंह, राम जी सिंह सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

एम आर तिवारी इं. का. भडेवरा को मिली प्राविधिक कला एवं एनसीसी की मान्यता, प्रबन्ध तंत्र एवं छात्रों ने जताया खुशी

करछना। क्षेत्र के भड़ेवरा स्थित एमआर तिवारी इंटरमीडिएट कालेज में प्राविधिक कला और एनसीसी की मान्यता मिलने पर विद्यालय प्रबंध समिति और शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया ।विद्यालय के प्रबंधक उमाकांत तिवारी ने मान्यता मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय बच्चों को एनसीसी के लिए अब बाहर विद्यालयों में नही भटकना पड़ेगा ।साथ ही प्राविधिक कला जैसे जरूरी विषय के लिए भी बच्चों को दूर जाना पड़ता था ।किन्तु अब विद्यालय में इस विषय की मान्यता मिलने से पढ़ने वाले बच्चों को आसानी होगी ।इससे विद्यालय का शैक्षिक उन्नयन होगा और स्थानीय बच्चों को बड़ी सुविधा मिलेगी ।प्रबंध समिति ने इसके लिए विभाग का आभार व्यक्त किया ।मान्यता को लेकर विद्यालय के पास पड़ोस में बसे गांव के लोगों और अभिभावकों में भी हर्ष व्याप्त है ।लोगों ने प्रबंधक के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी है ।मान्यता मिलने पर गुरुवार को विद्यालय में एक कार्यकम आयोजित किया गया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार मिश्र,संरक्षक कपिल तिवारी,सुरेश चन्द्र मिश्रा,सोहन लाल पटेल,अंबिका प्रसाद पाण्डेय,रत्नेश तिवारी आदि ने खुशी का इजहार किया।

घर में सोते समय माता- पिता व तीन बेटियों की निर्मम हत्या

हत्या को देख ग्रामीणों के छलकने लगे आंख से आंसू,अबोध बच्चियों का क्या था कसूर जो दुनिया देखने से पहले ही बंद हो गई आंखें

अखंड भारत संदेश

घटनास्थल पर मृतक पड़े तीनों बच्चे व महिला

प्रयागराज। नवाबगंज में एक ही परिवार के पांच लोगों की नृशंस हत्या से गंगापार क्षेत्र एक बार फिर दहल गया है। माता-पिता के साथ तीन बेटियों की निर्मम तरीके से हत्या की गई है, जिनमें पांच साल की एक मासूम बच्ची भी शामिल है। यह लोमहर्षक वारदात प्रयागराज के नवाबगंज इलाके की है। सभी की हत्या घर में सोते समय की गई। प्रयागराज पुलिस अभी तक यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि सामूहिक हत्याकांड की वजह क्या है? फिलहाल पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। इससे पहले भी इस इलाके में सामूहिक हत्याकांड के मामले सामने आ चुके हैं।

प्रयागराज जिले के नवाबगंज के खागलपुर गांव में राहुल तिवारी (42) अपनी पत्नी प्रीति तिवारी (38) और तीन बच्चों माही (12), पीहू (8) और कोतू (5) के साथ किराये पर कमरा लेकर रहते थे। राहुल तिवारी मूलतः कौशांबी के भरवारी के रहने वाले थे। वे दुधारू पशुओं का कारोबार करते थे। शनिवार की सुबह जब कमरे में कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया। सबसे पहले राहुल के पड़ोसी दादू ने खिड़की की झिर्री से शवों को देखा। तीनों बच्चों का शव क्षत-विक्षत हालत में बेड पर पड़ा था। बच्चों के पास पत्नी प्रीति का शव भी था। पति फांसी के फंदे पर झूल रहा था। हत्या के दौरान खून की छीटें दीवारों और कमरे फैली थीं। उन्होंने फौरन एक अन्य किराएदार संदीप के अलावा पुलिस को वारदात की जानकारी दी।

हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद :

शुक्रवार की रात में राहुल परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो रहे थे। मौका-ए-वारदात को देखकर लग रहा था कि मरने से पहले सभी ने हमलावरों का प्रतिरोध किया था। चारों के शवों पर कपड़े अस्त-व्यस्त हो गए थे। महिला के पैरों में और तकिया में भी खून लगा था। चौंकाने वाली बात ये है कि बाथरूम में फंदे पर झूल रहे राहुल के शरीर पर जख्म तो नहीं दिख रहे, लेकिन बनियान और हाथ में खून के निशान दिख रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद राहुल को फांसी पर लटकाया गया था, जिससे इसे सुसाइड करार दिया जा सके।वारदात की सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद फारेंसिक टीम और और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस हत्यारों का सुराग नहीं लगा सकी। इस जघन्य हत्याकांड की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए फावड़े को घर के पास से बरामद कर लिया है। मौके पर जिले के सभी आला अफसर और कई थानों की पुलिस मौजूद है। प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार और गंगापार के एसपी अभिषेक अग्रवाल भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल में जुट गए हैं। इस सनसनीखेज वारादात से दहशत का माहौल है।

ससुरालियों से था विवाद :

एसएसपी अजय कुमार कहते हैं, ₹राहुल की बहन ने आरोप लगाया है कि उसके भाई का अपने ससुराल वालों के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था। राहुल ने सभी की हत्या कर खुद ही फांसी लगाई है अथवा सुनियोजित ढंग से सभी हत्या की गई है, पुलिस सभी एंगल से घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। तफ्तीश के लिए सात टीमें बनाई गई हैं। प्रयागराज का गंगापार इलाका अपराधियों और सामंतों का गढ़ माना जाता है। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की घटना यहां कोई नई बात नहीं है। साल 2018 में होलागढ़ थाना क्षेत्र के बरई हरख गांव के शुकुलपुर मजरे में कुछ दिनों पहले विमलेश पांडेय और उनके बेटे-बेटी समेत चार लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। नवाबगंज इलाके में दो वर्ष पहले भी एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर से उसी इलाके में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या को लेकर इलाके में जबरदस्त आक्रोश है।

चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

:प्रयागराज। मृतक के बड़े भाई तर्निश चंद्र उर्फ मुन्ना तिवारी पुत्र स्वर्गीय त्रिपुरारी तिवारी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने पिंटू, चंद्रशेखर, मैनेजर व आशू के खिलाफ अपराध संख्या 179/2022 धारा 302/34 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो पुलिस कई अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

दो पन्ने का मिला सुसाइड नोट :

एसएसपी अजय कुमार ने कहा कि घर से दो पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। नोट में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्हें घटना का कारण बताया है। साथ ही ससुराल पक्ष से मकान और खेत का विवाद भी बताया है। ससुराल पक्ष और उनसे संबंधित लोगों के नाम भी लिखे हैं। इस पूरे प्रकरण में मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है।

क्या कहती है पोस्टमार्टम रिपोर्ट

प्रयागराज। खागलपुर गाँव में किराए के मकान में रहने वाले मृतक राहुल तिवारी का शव उसी मकान के आँगन में साड़ी के फन्दे से लटका हुआ पाया गया था। जबकि तीन बेटियों वाह मृतक राहुल तिवारी की पत्नी का शव धारदार हथियार से क्षत-विक्षत पाया गया था। सूत्रों पर व चचाओं पर यकीन करें तो राहुल तिवारी पहले अपने बच्चों व पत्नी की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया होगा। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट कुछ इस प्रकार आया हुआ है। मृतक राहुल तिवारी की डेड बॉडी की डॉक्टरों के पैनल द्वारा की हुई पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृत्यु का कारण ह्वअरढल्ल क्ष उव्रए ळड अठळएटडफ्ळएट ल्रअठऋ क्ठक्क्ष, साथ ही, शरीर पर लिगेचर मार्क के सिवाय अन्य कोई जख्म नहीं पाया गया है। यही नहीं, हायड अस्थि (ल्र डक्ऊ इडठए) ह्वजस की तसह्न यानि क्ठळअउळ पाई गई है। इस प्रकार, घटनास्थल की परिस्थितियों, दो पन्नों के हस्त लेख (सुसाइड नोट) एवं पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतक राहुल तिवारी द्वारा साड़ी के फंदे का इस्तेमाल करके आत्म हत्या की गई है।

पुलिस पर खड़े हो रहे सवाल !

प्रयागराज में करीब पांच महीने पहले एक ही परिवार के चार लोगों की कुल्हाड़ी से काट डाला गया था। मृतकों में पति (50), पत्नी (45), 17 साल की बेटी और 10 साल का बेटा शामिल थे। घटना फाफामऊ थाना क्षेत्र के मोहनगंज फुलवरिया इलाके में हुई थी। आरोप लगा था कि इस घटना में औरतों के साथ गैंगरेप भी हुआ था।प्रयागराज में ही दो साल पहले एक परिवार के 5 लोगों की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों में परिवार का मुखिया, उनके बेटे-बहू और तीन और सात साल के दो बच्चे शामिल थे। यह घटना गंगापार के सोरांव के युसूफपुर गांव में हुई थी। यहां भी घर में विजय शंकर तिवारी (58), उनके बेटे सोनू तिवारी (32), बहू सोनी तिवारी (28) और दो पोते कान्हा (7) और कुंज (3) का खून से सनी लाशें पाई गई थी। सभी की हत्या गला काटकर की गई थी।साल 2018 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के शहावपुर उर्फ पसियापुर गांव में सुशीला देवी व उनके दो बेटे सुनील व अनिल की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इसी तरह सोरांव थाना क्षेत्र के बिगहियां गांव में सरकारी कर्मचारी कमलेश देवी, उसकी बेटी, दामाद प्रताप नरायण के साथ उसके नाती विराट की नृशंस हत्या की गई थी। एक माह बाद पुलिस ने पट्टीदार व रिश्तेदार को हत्यारोपित बनाकर जेल भेज दिया। पदार्फाश को लेकर पुलिस के ऊपर सवालिया निशान लगे थे। इससे पहले नवाबगंज थाना क्षेत्र के शहावपुर गांव में मक्खन गुप्ता, उनकी पत्नी मीरा देवी, बेटी वंदना व निशा की सामूहिक हत्या हुई थी। इस वारदात में पुलिस ने जिन लोगों को जेल भेजा था वो सभी बेकसूर निकले थे।23 अप्रैल 2017 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के शहावपुर गांव में मक्खन गुप्ता, उनकी पत्नी मीरा देवी, बेटी वंदना व निशा की सामूहिक हत्या कर दी गई थी। मार्च 2017 में थरवई थाना क्षेत्र के पड़िला महादेव मंदिर पर शिवरात्रि मेले के दौरान राजस्थान से आए एक दंपती और उसकी बेटी को जिंदा जलाकर मार डाला गया था। दंपती यहां अक्सर आकर मेले में गुब्बारा व खिलौने का सामान बेचते थे। कई महीने बाद पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

किराने की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

झूंसी। क्षेत्र के बहादुरपुर में एक किराने की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे इलाकाई लोगों में हड़कंप मच गया लोग आग बुझाने दौड़े लेकिन दुकान में रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। बहादुरपुर कछार निवासी सुरेश चंद्र केसरवानी गांव में ही एक खपरैल कमरे में किराने की दुकान चलाता था। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई। दुकान से उठता धुँआ देख ग्रामीण बाल्टी, डब्बे में पानी लेकर दौड़े पर आग इतना भड़क चुकी थी की उठती आग की लपटों के सामने कोई कुछ नही कर सका और देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से 4 से 5 लाख का नुकसान बताया जा रहा है और सुरेश चन्द्र केशरवानी इसी दुकान के सहारे अपने परिवार का पेट पालता।

खाते से बाइस हजार रुपये उड़ाए

मऊआइमा। साइबर अपराधियों ने महिला के खाते से पांच बार में बाइस हजार रुपये उडा दिए। महिला ने मऊआइमा थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के अरसिया आरफीन पत्नी नजमुल आरफीन का आरोप है कि उसका खाता बैंक ऑफ बडौदा में है। आरोप है कि साइबर अपराधियों ने खाते से पांच बार में बाइस हजार रुपया उडा दिए। अरसिया आरफीन ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मामा से हुआ विवाद भांजे को पीट किया अधमरा

झूंसी। थाना क्षेत्र में मामा से हुए विवाद में पड़ोसियों ने भांजे को पीट कर अधमरा कर अधमरा कर दिया। घायल युवक को शहर के निजी में भर्ती कराया गया जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वही पुलिस घायल के पिता की तहरीर पर दो सगे भाइयो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उतराव मुगरसन निवासी प्रांजल यादव इंटर का छात्र है वह अपने नाना छिबैया मुरार पट्टी निवासी भानु प्रताप के यहाँ बचपन से ही रह कर पढ़ाई करता है। शुक्रवार की रात प्रांजल के मामा गौरव का एक तिलक समारोह में पड़ोसी पंकज यादव व नीरज यादव से हाथापाई हो गई थी लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया आरोप है कि तिलक समारोह से लौटने के बाद पंकज व नीरज दोनों भाई हाथ में लाठी डंडे लिए गौरव के घर में घुस कर गौरव व उसके भांजे प्रांजल पीटने लगे जिसकी वजह से प्रांजल के सर में गंभीर चोट आई और वही बेहोश होकर गिर गया।

न्यूज झरोखा

मेजा में समाधान दिवस पर फरियादी लौटे मायूस

एडीएम के समक्ष पहुची 36 समस्याएं, सभी के निस्तारण के दिए निर्देश



सिरसा। प्रयागराज क्षेत्र मेजा तहसील में समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या निस्तारण न होने की दशा में सभी फरियादी मायूस होकर पुनः अपने अपने घर के लिए लौट गए। एडीएम प्रशासन आपूर्ति ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी की समस्या निस्तारित करा दी जाएंगी। मेजा तहसील सभागार में शनिवार को दोपहर 12बजे 4.30 बजे तक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एडीएम प्रशासन जेपी सिंह ने किया। इस दौरान भारी जनसंख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां एडीएम प्रशासन के समक्ष कुल 36 शिकायती पत्र पेश किए गए। एडीएम प्रशासन ने बारी-बारी से सभी फरियादियों की समस्या सुनीं।लेकिन एक भी समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। इससे सभी फरियादियों को मायूस होकर घर लौटना पड़ा। वहीं एडीएम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए अविलंब समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही उन्होंने मेजा एसडीएम विनोद कुमार पांडेय को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी समस्याएं एक सप्ताह के अंदर निस्तारित होनी चाहिए। अन्यथा तहसील प्रसाशन पर कड़ी कार्रवाई होगी। तहसील समाधान दिवस पर समस्याओं के निस्तारण की आस लेकर पहुचें फरियादियों की मायूसी से एडीएम प्रशासन भी मायूस दिखे। उन्होंने फरियादियों को आश्वासन देते दये कहा है कि सभी समस्याएं एक सप्ताह तक निस्तारण करा दी जाएंगी।

चेकिंग में दो दर्जन बिजली चोरी करते पकड़े गए

झूंसी। विजिलेंस व बिजली विभाग मॉर्निंग रेट में क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सहसो व जलालपुर कस्बे में दो दर्जन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई 14 लाख वसूली के साथ एक दर्जन उपभोगताओं का लोड भी बढ़ाया गया। बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत शनिवार की सुबह विजिलेंस व बिजली विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के सहसों व जलालपुर कस्बे में सुबह-सुबह छापा मारा तो विधुत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। कुछ लोग तो अपने घरों में ताला लगाकर फरार हो गए। घंटों चली कार्रवाई के दौरान इस दौरान 110 घरो को चेक किया गया। जिसमे 24 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए 12 उपभागतो का लोड बढ़ाया गया साथ ही 14 लाख की राजस्व वसूली भी की गई। घंटो चली कार्रवाई के दौरान उपखंड अधिकारी पवन कुमार सिंह, अवर अभियंता रमाकांत, अमरेश कुमार, इंद्रेश यादव, भानु प्रताप यादव, रविंद्र मोहन, जंग बहादुर यादव, उप निरीक्षक मनोज कुमार, शुक्ल सहित लाइनमैन मौजूद रहे।

विद्यालय के वार्षिक स्थापना दिवस पर कविओं नें जमाई महफिल

करछना। एच एल पब्लिक स्कूल के वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर डाड़ो रोकड़ी में विद्यालय के प्रबंधक अवध बिहारी कुशवाहा द्वारा एक शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।ओज कवि अली इलियास के संयोजन एवं प्रसिद्ध हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर के शानदार संचालन में कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रवादी कवि अजय प्रेमी की राष्ट्र वंदना से हुई। कवियों में प्रसिद्ध हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर,ओज कवि अजय प्रेमी,रत्नाकर तन्हा,आशीष कविगुरु, रविशंकर विद्यार्थी, अली इलियास,आलोक सिंह, बलवंत बावला,बिपिन बिहारी त्रिपाठी, धीरेन्द्र सिंह नागा, राजेश कुमार, कमलेश पाण्डेय कमल,सबरेज अहमद ने अपने-अपने आभार व्यक्त किया।

छात्रों के शैक्षणिक गुणों के विकास के लिए टैबलेट व स्मार्टफोन जरूरी : पीयूष रंजन

करछना। क्षेत्र के सावित्री देवी महिला महाविद्यालय सोनाई में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों में प्रसन्नता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे करछना के विधायक पीयूष रंजन निषाद ने योगी सरकार की ओर से विद्यार्थियों में वितरित किए जा रहे टैबलेट और स्मार्टफोन आज की आधुनिकता के दौर में विद्यार्थियों के शैक्षिक गुणो के विकास के लिए अति आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से छात्र छात्राओं के अध्ययन हेतु योगी सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों व कार्यों की बखूबी बखान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में विधायक की मौजूदगी में कुल 224 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन वितरित किया गया । जिसमें बी. एड फाइनल के 90 छात्र व छात्राओं में और बीएससी फाइनल के 134 छात्र-छात्राओं में कुल 224 स्मार्टफोन वितरित किए गए । कार्यक्रम का संचालन सावित्री देवी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक ज्ञान सिंह पटेल ने कार्यक्रम में शिरकत किए सभी आगंतुक जनों के प्रति आभार जताया । इस मौके पर डॉ अजय सिंह डॉ शिवेंद्र सिंह भाजपा नेता प्रमोद तिवारी ओम प्रकाश पटेल संदीप तिवारी मोनू तिवारी प्रमोद द्विवेदी उदयसिंह ह्दय नारायण सुधा तिवारी राम ललक पटेल रमेश सिंह धर्मपाल सिंह अरविंद रवि सिंह पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

पीडीए ने सौ बीधे अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर, हडकंप

झूंसी। क्षेत्र में हुई अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का बुलडोजर चला तो प्लाटिंग करने वालो व प्लाट खरीदारों में हड़कम्प मच गया। दिन भर चली कार्यवाही में 100 बीधे में की गई अवैध प्लाटिंग में हुए स्थाई व अस्थाई निर्माण को ढहाया गया। अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण के चल रहे अभियान के तहत शनिवार को पीडीए के जोनल दलबल के साथ चार जेसीबी लेकर झूंसी पंहुचे तो भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। पीडीए के दस्ते ने क्षेत्र के लेखराजपुर में एक भाजपा नेता के साथ कई प्लाटरो द्वारा की गई 150 बीघे अवैध प्लाटिंग में बने बाउंड्री, पिलर, अर्ध निर्मित मकानों को चार जेसीबी लगाकर ढहना शुरू किया तो मौके पर मौजूद प्लाटर व खरीदार भारी पुलिस बल देख विरोध का साहस नही जुटा पाए। घण्टो चली कार्यवाही के दौरान क्षेत्र के भूमाफियाओं में हड़कम्प मचा रहा। सुपरवाइजर को किया गया निलंबित जोनल को पकड़ाई कारण बताओ नोटिस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हुए अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सचिव प्रयागराज ने कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर संतोष तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया साथ ही जोनल अधिकारी अजय कुमार व क्षेत्रीय अवर अभियंता राजेश कुमार अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस थमा दिया। जिससे विभागीय अधिकारो में भी हड़कम्प मचा है।

यूजीआई के स्थापना दिवस में दिखा मनोरंजन कला, सस्कृति और राष्ट्रीयता का अद्भुत संगम

अखंड भारत संदेश

नैनी। यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी, प्रयागराज ने शनिवार को जोश, उमंग और उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया। संस्थापना दिवस की शान रही यह शाम जिसमें प्रसिद्ध गायक जावेद अली और समूह ने श्रीवल्ली', 'कजरारे, कजरारे' 'नगाड़ा नगाड़ा₹, 'तुम तक', 'तू ही हकीकत' सहित कुछ लोकप्रिय प्प्रस्तुतियों के साथ लाइव परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। जहां एक ओर दर्शक जावेद अली के लेटेस्ट गानों पर झूमे वहीं दूसरी ओर देश भक्ति के गानों पर समूह नृत्य प्रस्तुति से लोग भाव विभोर हो गए। युवाओं की योग्यता और सर्जनात्मकता, सुव्यवस्थित योजनाबद्ध समन्वयन तथा कलात्मक अभिव्यक्ति को विशिष्ट अतिथि सहित सभी प्रतिभागियों ने सराहा। स्थापना दिवस के प्रथम चरण की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और यूजीआई के छात्रों के एक समूह द्वारा आध्यात्मिक नृत्य के साथ हुई। यूनाइटेड ग्रुप के चेयरमेन गिरिधर गोपाल गुलाटी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। यूजीआई के प्रेसिडेंट जगदीश गुलाटी ने स्थापना दिवस और यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) की स्थापना के पीछे संस्थापक शिव राम दास गुलाटी के विजन के बारे में बताया। कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना है । यूनाइटेड यूनिवर्सिटी और यूनाइटेड मेडिकल कॉलेज की संस्थापना एक वृहद लक्ष्य का साकार प्रमाण है जो प्रयागराज का एकमात्र प्राइवेट विश्वविधालय है। इस अवसर पर प्रयागराज की कुल 25 महिलाओं को दो श्रेणियों क्रमशः वार विडोज और वीर नारी के अन्तर्गत मिमेंटो ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद समारोह के द्वितीय चरण में जिले के 100 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों, शिक्षकों और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। यूजीआई के छह कॉलेजों से 18 टॉपर्स, को भी 'शिव ज्योति स्कॉलरशिप' कार्यक्रम के तहत पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात यूजीआई के छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) अजय पासबोला ने यूनाइटेड ग्रुप को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशंसा की।इस अवसर पर प्रयागराज को ब्रदर्स बॉन्ड क्रू ने भी प्रस्तुतियां दीं।यूजीआई के वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

इफको के प्रबंध निदेशक के आगमन पर हुआ कवि सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

कवियों को सम्मानित करते प्रबंध निदेशक डा० उदय शंकर अवस्थी

फूलपुर। उर्वरक के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली संस्था इफको में शुक्रवार शाम देश के नामचीन कवियों ने खूब ठहाके लगवाये। अपने तीन दिवसीय दौरे पर इफको फूलपुर ईकाई में पधारे इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी व श्रीमती रेखा अवस्थी का स्वागत हुआ। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन इफको के मुक्तांगन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माननीय प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन कर किया गया। कवि सम्मेलन की शुरूआत हास्य के मशहूर व्यंग्यकार मधुबनी बिहार से आए हुए शंभू शिखर ने अपने कविताओं से जहां लोगों को खूब हंसाया वही अपने हास्य कविता लालू से मिले वह तुम्हें बिहारी न कर दे, जनता यहां की भिखारी न कर दे, पर खूब तालियां बटोरी। प्रेम व श्रृंगार के युवा कवि एवं गीतकार अमन अक्षर ने अपनी कविता पढ़ते हुए कहा कि तोड़कर कोई मानक नहीं आए हैं, अपने हिस्से का कथानक नहीं आए हैं, जिंदगी ने निरंतर पुकारा है हमें, हम यहां तक अचानक नहीं आए। वही प्रभु श्री राम पर अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि ₹ना कोई नाम लेने आए हैं, ना कोई काम लेने आए हैं, हम आपके पास इतनी दूरी से, राम का नाम लेने आए हैं। पर जहां श्रोताओं ने बहुत ही एकाग्र मन से सुना। हास्य व्यंग के मशहूर कवि डॉ संपत सरल ने जहां अपनी कविता से लोगों को मन की बात पर खूब गुदगुदाया वही लोगों के बचपन की यादों को ताजा कराते हुए कहां कि₹ वह भी क्या दिन थे, जब घड़ी एकाध के पास थी,समय सबके पास था,आज घड़ी सबके पास है पर समय एकाध के पास है।मंच का संचालन वीर रस के जाने माने कवि शशिकांत यादव देवास, मध्य प्रदेश ने अपनी राष्ट्र भक्त कविता के माध्यम से आरती और अजान पर लोगों को राजनीति न करने की सलाह दी। वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज ने अपने हास्य व्यंग व कविताओं के माध्यम से गांधीजी के चौथे बंदर पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करते हुए वर्तमान राजनीति पर खूब कटाक्ष किए। उनकी भ्रष्ट नेता की शव यात्रा की कविता पर लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाये। श्रीलाल शुक्ल द्वारा रचित राग दरबारी के पात्रों का चित्रण करते हुए उन्होंने वर्तमान परिदृश्य पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। हेमंत पाण्डेय कानपुर, उत्तर प्रदेश ने हास्य कविता से सबका ध्यान आकर्षित किया। काव्य पाठ के अंत में प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने आए हुए कवियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया । संचालन संयुक्त महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर इफको फूलपुर इकाई के कार्यकारी निदेशक ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया, अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र महामंत्री स्वयं प्रकाश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडे महामंत्री विनय कुमार यादव महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन दानवीर सिंह , विश्वजीत श्रीवास्तव मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीके शुक्ला, संत लाल यादव सौरभ सिंह मौजूद रहे।

प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने टीवी मरीजों को वितरित किया राशन किट

मेजा रोड। मेजा विकास खंड मेजा कार्यालय में खंड विकास अधिकारी व अन्य लोगों द्वारा गोद लिए गए 14 क्षय मरीजों को प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगाप्रसाद मिश्र द्वारा पोषण (राशन) किट वितरित की गयी। सभी टी.बी. मरीजों को पोशण किट वितरित की जानी है। आज 10 मरीजों को वितरित की गयी, शेष बाकि मरीजों उनके घर पर ही पोषण किट वितरित की जायेगी। प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि इस पोषण किट में प्रोटीन युक्त अनाज है जो मरीजों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है जिससे टी.बी. का मरीज जल्दी सही हो जाता है।इस मौके पर अधीक्षक सी एच सी मेजा डा0 ओमप्रकाश ने बताया नियमानुसार दवाई ले एवं गुटखा, तम्बाकू, शराब, धुम्रपान आदि का परहेज रखें तो टी.बी. मरीज के जल्दी सही होने की सम्भावना बढ जाती है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत क्षय रोगियों को 01 अप्रैल 2018 से इलाज के दौरान पोषण सहायता प्रदान करने हेतु 500 रू. का इन्सेन्टिव प्रति माह प्रति रोगी की सहायता दी जा रही है। इसके अलावा टी.बी. रोग की जांच उपचार एम.ड़ी.आर. होने व एम.डी.आर. के उपचार और जांचों इत्यादि के बारे में तथा टी.बी. से सम्बन्धित भ्रांतियां के बारे पूर्ण एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।इस मौके पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी ब्रह्मपाल सिंह, ए डी ओ (को)विष्णु प्रभाकर मिश्र,बृजेश यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरकुंडी विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरकुंडी विकास खण्ड मंझनपुर में चौदहवां वित्त,पन्द्रहवां वित्त चतुर्थ राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 18/04/2022 से 24/04/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 25/04/2022 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

सोहन लाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

शीतला प्रसाद ग्राम प्रधान
पिपरकुंडी
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

नहाने गए दो दोस्तों की सई नदी में डूबने से मौत ,परिजनों में मचा कोहराम

सई नदी में डूबे युवकों का शव ढुंढवाती पुलिस।

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। नदी में नहाने गए तीन दोस्त नहाते वक्त नदी में डूबने लगे। एक दोस्त को लोगों ने किसी तरह बचा लिया लेकिन दो दोस्त की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर कोहराम मच गया।

कंधई थाना क्षेत्र के चलाकपुर कुर्मियान गांव निवासी स्वाले (17) वर्ष पुत्र मोहम्मद रईश, गुफरान (18) वर्ष पुत्र मुस्तकीम, सलीम (19) वर्ष पुत्र शब्बीर अहमद तीनों दोस्त थे। शनिवार की दोपहर घर से एक किलोमीटर दूर सई नदी के किनारे चालाकपुर घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करते वक्त स्वाले डूबने लगा डूबते हुए देखकर गुफरान और सलीम उसे बचाने के लिए आगे बढ़े। स्वाले को डूबने से बचाने में गुफरान और सलीम 30 फीट गहरे पानी में चले गए। आसपास के लोग डूबते हुए देखकर हल्ला गुहार आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने पर गांव के साथ-साथ आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई और थाना प्रभारी कधंई सत्येंद्र सिंह को दी गई। भारी फोर्स के साथ फायर ब्रिगेड और पुलिस पहुंचने पर एक दर्जन से अधिक स्थानीय गोताखोरों द्वारा सलीम और गुफरान को ढूंढने में लग गए। दो घंटे के बाद गुफरान का शव बाहर निकाला गया उसके बाद गोताखोरों द्वारा सलीम की खोज करने लगे। दोपहर एक बजे के करीब सलीम को भी नदी से निकाल कर बाहर लाया। पंचनामा कराकर दोनों शवों को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

तीनो में थी गहरी दोस्ती, तैरने का शौक बना जान का दुश्मन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। तीनों दोस्त शनिवार को नहाने के लिए घाट पर गए थे और तीनों को तैरना नहीं आता था नदी के गहराई का आकलन ना होने की वजह से तीनों दोस्त इस हादसे के शिकार हो गए। गुफरान थाना क्षेत्र के जगदीशगढ गांव निवासी मुस्तकीम का बेटा था जो अपने ननिहाल इब्राहिम सूबेदार की बेटी का बेटा था। अक्सर जलालपुर में ही रहता था। सलीम एक माह पूर्व सूरत से घर आया था गुजरात के सूरत शहर में गैराज में काम सीख रहा था वही गुफरान गांव के समीप एक मस्जिद में रमजान में तरावी पढ़ाता था। घटना की जानकारी आस-पास के गांव में पहुंचने पर नदी के किनारे हजारों लोगों की भीड़ लग गई और परिजनों की चीख-पुकार से पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया इस घटना से हर कोई व्यक्ति आवाक रह गया। स्थानीय गोताखोरों द्वारा जाल और कटीले जाल से दोनों शव को निकालने में कामयाबी हासिल की। घटना की जानकारी क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप कुमार सिंह थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चैंकी प्रभारी दिलीपपुर भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

हनुमान महराज की पूजा अर्चना करते लोग।

हनुमान मंदिर पर मनाया गया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में गत वर्षो की भांति आज हनुमान मंदिर चिलबिला में हनुमान भक्तों ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया। पूरे मंदिर की भव्य सजावट की गई मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने हनुमान महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर आरती उतारी। रोशनलाल ने कहा कि केवल हनुमान जी महाराज ही हैं जिनको भगवान राम ने चिरंजीवी रहने का आशीर्वाद दिया था। हनुमान जी महाराज सदैव सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मंदिर परिसर को किया भक्तिमय

मंदिर में पूरे दिन कार्यक्रम होते रहे सुंदरकांड का पाठ हुआ। महिलाओं ने जन्मोत्सव पर मंगल गीत गाकर मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया हनुमान जी महाराज को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर कपिल देव, रामगोपाल, त्रिभुवन लाल, राकेश कुमार, आशीष कुमार, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, छोटेलाल, सुरेश कुमार, सोनू, सनी, आर्दश कुमार, विजय कुमार, सूरज आदि भक्तों ने पूजन अर्चन किया।

अज्ञात कारणों से लगी आगे से पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक, दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा का झोंका और चिलचिलाती धूप में 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर थोड़ी देर में राख में तब्दील हो गई। आग लगने पर ग्रामीणों ने आग बुझाने की बहुत कोशिश की लेकिन आग के पास पहुंचने की हिम्मत नहीं हुई और जलती हुई फसलों का नजारा ग्रामीण देखते रहे। लगभग 2 घंटे बाद फोन करने पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।

पट्टी तहसील क्षेत्र के सैफाबाद बाजार के समीप रूपनपुर गोपालपुर में हरिश्चन्द्र तिवारी के खेत में दोपहर 12 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें उठनी शुरू हुई तो शोर-शराबा करने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन चिलचिलाती हुई धूप में और हवा के तेज झोंके से आग बेकाबू होती दिखाई दे रही थी। लोग बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने के लिए दौड़े लेकिन आग की तपिश के आगे कोई टिक नहीं सका आग की लपटें उठी तो बगल के श्याम शंकर तिवारी तथा उमाकांत मिश्रा के खेत में आग पहुंच गई और थोड़ी देर में धू-धू कर खेत जलने लगा किसी ने फायर ब्रिगेड को फोन किया तो लगभग 2 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तब तक ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया।

घायल डाक्टर को देखने वालों का तांता

प्रतापगढ़। ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होमियोपैथी डाक्टर चक्रपाणी उपाध्याय को देखने और उनकी मदद करने वाले प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को शहर के समाजसेवी, शिक्षक, बिजनेसमैन उनसे और उनके परिजनों से मुलाकात की। संभव मदद का भरोसा दिलाया। जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उदयभानु सिंह, अश्वनी केसरवानी, डाक्टर पीके शर्मा, शरद केसरवानी सहित कई लोग मौजूद थे। बता दें कि डाक्टर चक्रपाणी शुक्रवार को जेल रोड रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी से टकरा गए थे। उनके पैर और शरीर के कई हिस्से में चोट आई है। प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से उनके चाहने वाले काफी दुखी हैं।

महेशगंज पुलिस ने वांछित को दबोचा

परियावां, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निदेर्शानुसार जनपद के थाना महेशगंज उप0 निरी0 विवेक कुमार मिश्र की टीम ने वांछित व अभियुक्तों की तलाश, क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की खास सूचना पर स्थानीय थाना के मु0अ0सं0-88/2022 धारा 304, 323 भादंवि से संबंधित वांछित अभियुक्त बाबूलाल पुत्र रामआधार निवासी पनाह नगर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के ऐंधा स्थित ईंट के भट्ठे से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

आभूषण व्यापारी को गोली मारकर आभूषण से भरा बैग लूटा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के जेठवारा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के पास सुनसान स्थान पर अपाची सवार बदमाशों ने एक सराफा कारोबारी को गोली मारकर आभूषण से भरा बैग लूट लिया। इस लूट से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि कारोबारी अमृत लाल जेठवारा थाना क्षेत्र के महराजपुर का निवासी ह। शनिवार को वह घर से आभूषण लेकर निकला था। रास्ते में सुनसान स्थान पर पहुंचने पर अपाचे सवार बदमाशों ने आभूषण कारोबारी को रोका और सोने का बैग छीनने लगे। इसका विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पैर में गोली मार दी जिससे वह गिर गया और बदमाश आभूषण का बैग लेकर भाग खडे.हुए। घटना की सूचना मिलने पर इलाके में हड़कम्प मच गया। घायल व्यापारी को आननफानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने किया मेडिकल कालेज के लिये रेफर कर दिया। सूचना पर पहुची इलाकाई पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जेठवारा क्षेत्र के नरायनपुर गांव के पास का मामला

घायल व्यापारी का बयान लेती पुलिस।

समाचार भेजे जाने तक बदमाशों का सुराग नहीं लग सका था लोगों में चर्चा है कि जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने में प्रतापगढ़ पुलिस नाकाम साबित हुई है। पुलिस ने मेडिकल कालेज पहुंचकर घायल व्यापारी का बयान लिया। फिलहाल पुलिस नाकेबंदी कर बदमाशों का पता लगाने में जुटी हुई है।

अमृतधारियों को सिरोपा देकर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा व गुरुद्वारा श्री गुरुनानक शाही बाबागंज के संयुक्त प्रयास से एक विशाल अमृत संचार का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी प्रतापगढ़ में किया गया, जिसमे सिक्ख पंथ की सर्वोच्च संस्था श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर की धर्म प्रचार कमेटी से सिंह साहिब (पंच प्यारे) की अगुवाई में 28 स्त्री पुरुष व बच्चो ने अमृतपान किया।

अमृतपान कराते समय पंच प्यारो ने खंडे बाटे की पाहुल देते हुए सारी रहेत मयार्दा (नियमावली) बताई और आज से आप सभी गुरु वाले बन गए। श्री गुरुगोबिंद सिंह जी के बताये सच्चे मार्ग पर चंलने का वादा किया। अमृत छकने के बाद बोले सो बोले निहाल सतश्री अकाल के जयकारे लगाते हुए बाहर निकलने पर वहाँ मौजूद बड़ी संख्या में लोगो ने उनका व पंच प्यारो का स्वगात किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंच प्यारो व अमृतधारियों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह होरा, मंजीत सिंह गोंबिन्द, सतनाम सिंह जसबीर सिंह, ज्ञानी मनोहर सिंह, ज्ञानी विपिनप्रीत सिंह, सन्नी जी आदि रहे।

गुरुद्वारा सिंह सभा में हुआ अमृत संचार का आयोजन

गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित अमृत संचार में मौजूद स्त्री, पुरुष व बच्चे।

आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों पर होगी सीबीएसई की परीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सीबीएसई बोर्ड ने इस बार जनपद में आधा दर्जन परीक्षा केन्द्र बनाये हैं जहां आगामी 26 अप्रैल से परीक्षा प्रारंभ होगी। परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, पं0 नागेश दत्त पब्लिक स्कूल लालगंज, जवाहर नवोदय विद्यालय, डाल्फिन पब्लिक स्कूल व संस्कार ग्लोबल स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जहां पूरे जिले के परीक्षार्थी इन्हीं परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे।

26 अप्रैल से शुरू हो रही है सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

डा0 शाहिदा का कहना है कि गत वर्ष न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्र-छात्राएं संगम इंटर नेशनल स्कूल में परीक्षा देने गये थे। अभी तक यह तय नहीं हो सका है कि किस विद्यालय के छात्र कहां जाएंगे। फिर भी सीबीएसई ने जो परीक्षा केन्द्र बनाये हैं, वहां परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। परीक्षार्थियों के लिये केवल दस दिन का समय बचा है। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रधानाचार्य वी के सोनी ने बताया कि छात्र-छात्राओं में सीबीएसई की परीक्षा आफलाइन देने के लिये उत्साह देखा जा रहा है।

प्रतियोगिता में वर्तिका, जारा, आराध्या व अविका रही अव्वल

प्रतापगढ़। शहर के अष्टभुजा नगर स्थित प्रभात एकेडमी में शनिवार को स्कूल के प्रबंधक डां. प्रभात शर्मा के निर्देशन में स्कूल के बच्चों में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में गायन व नृत्य में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान नृत्य, संगीत की अछुत छटा बिखरी।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ प्रभात शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखार कर सामने लाना है, इसलिए समय-समय पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया जाता है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में विद्यालय की शिक्षिका जूरी, अर्पणा भारती व अंजू रही। आयोजित उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान हासिल करने वालों में वर्तिका, जारा, आराध्या, अविका रही। द्वितीय अस्थान पर अरुष, आर्या, समर, सिद्दी, वैष्णवी, श्रेया, ट्विंकल, स्वाति, तनुष्का, अनुप्रिया, पीहू, बिहान, संस्कृति तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले में यशी, साक्षी, वैष्णवी, कार्तिक, भव्या, सलीजा, श्रेया, आदित्य, हिमांशी, खुशी, ओजस, सम्बल, अंशिका रही। इसके साथ ही उक्त प्रतियोगिता में के जी क्लास की प्रकृति गुप्ता ने जबरदस्त प्रस्तुति कर लोगों को अपने नृत्य और गायन से भावविभोर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर प्रभात शर्मा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय के साथ ही उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृति कर हौसला अफजाई किया।

ब्रेनोब्रेन किड्स परीक्षा में अथर्व तिवारी बने पुनः चैम्पियन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। ब्रेनोब्रेन किड्स की परीक्षा में प्रतापगढ़ के अथर्व तिवारी चैंपियन आफ चैंपियंस पुनः बन गए हैं। 15 अप्रैल 2022 को जे बी अकेडमी अयोध्या में तीव्र गणितीय गणना की दक्षता के आकलन के लिए आयोजित ऑफलाइन परीक्षा में प्रतापगढ़ जनपद के सगरा निवासी शिक्षक रुपेश कुमार तिवारी के पुत्र अथर्व तिवारी चैंपियन ऑफ चैंपियंस पुनः चुने गए हैं। यह परीक्षा ब्रेनोब्रेन किड्स अकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई द्वारा आयोजित की गई थी। परीक्षा में ईस्ट यूपी के

ट्राफी के साथ अथर्व तिवारी।

लगभग डेढ़ हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा 15 अप्रैल शनिवार को जे बी अकैडमी अयोध्या में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। द्वितीय राउंड की प्रतियोगिता के लिए 10 छात्र चयनित किए गए। द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में अथर्व प्रथम स्थान पाकर चैंपियन ऑफ चैंपियन्स बना। अथर्व की इस सफलता पर उनकी माता नीलम तिवारी, दादी मालती तिवारी, शुभांगी तिवारी, डॉ सी एन पांडे, विजय कुमार मिश्र, प्राची पांडे, अशोक मिश्र, संस्कार ग्लोबल की प्रिंसिपल, प्रबंधक एवं शिक्षकों तथा ब्रेन-ओ-ब्रेन की शिक्षिका पूजा मंधान ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बता दें कि अथर्व तिवारी संस्कार ग्लोबल स्कूल का कक्षा सात का छात्र है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायतों में 8 शिकायतों का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 37 शिकायतों में से 15 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 16, खाद्य एवं रसद विभाग से 02, चकबन्दी विभाग से 01, विद्युत विभाग से 01 एवं 02 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारीगण।

बिजली की अंधाधुंधी कटौती से बढ़ी परेशानी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विद्युत उपकेंद्र 33/11 कालाकांकर से जुडे फीडर आलापुर, बाजिदपुर व कालाकांकर क्षेत्र का इन दिनों जमकर हो रही विद्युत कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। विभाग द्वारा बनाये गए रोस्टर को ताक पर रखकर बिजली की कटौती की जा रही है जब कि इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में समूचा क्षेत्र जूझ रहा है। फिर भी विभाग रह रह कर बिजली की कटौती करने से बाज नही आ रहा है। जब कि मुख्यमंत्री योगी का सख्त निर्देश है कि बिजली की कटौती किसी भी तरह न करें, रोस्टर के अनुसार बिजली जारी रखे, लेकिन कालाकांकर उप केंद्र में बैठे जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी मुख्यमंत्री के आदेश को ताक पर रखकर मनमानी कटौती कर रहे है।

मकान की मरम्मत कर रहे पड़ोसियों ने युवक को पीटा, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। अपने मकान का मरम्मत कर रहे युवक को पड़ोसी आरोपियों ने जमीन को विवादित बताकर मरम्मत करने से रोक दिया। पीड़ित ने जब इस बात के लिए मना किया तो गालियां देते हुए पीट दिया।

पट्टी कोतवाली में पहुंचकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव का रहने वाला बृजेश सिंह पुत्र सूर्य नारायण सिंह शनिवार को अपने मकान का रंगाई पुताई तथा मरम्मत का कार्य कर रहा था। पट्टी कोतवाली में पहुंचे पीड़ित ने बताया कि आरोपीगण उक्त जमीन को स्थगन आदेश बताते हुए कुछ पर निर्माण करने से रोक रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि निर्माण हो चुका है सिर्फ मरम्मत कार्य करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया और रंगाई पुताई करने से रोकने लगे। पीड़ित ने जब इस बात के लिए मना किया तो उसे मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित युवक पट्टी कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस शिकायत पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

जबरिया निर्माण पर कोतवाली पहुंची महिलाएं

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पड़ोसियों द्वारा पीड़ित की जमीन पर जबरन कब्जा करके पिलर खड़े किए जाने का विरोध करने पर आरोपियों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिलाएं पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी नगर क्षेत्र के मौर्य नगर के रहने वाले राम नारायण पुत्र राम लखन शनिवार को पट्टी कोतवाली घर की महिलाओं के साथ पहुंचे।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि शनिवार को गांव के तीन लोग उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए पिलर खड़ा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उसकी पशुशाला और शौचालय के सामने आरोपियों की जमीन पर कब्जा करने की नियत लगी हुई है। जिसकी वजह से आए दिन आरोपी मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। पीड़ित के घर की महिलाओं ने बताया कि शनिवार को आरोपीगढ़ निर्माण करने लगे तो रोका गया तो मां - बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। शनिवार को दोपहर पीड़ित महिलाएं पट्टी कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

खबर संक्षेप

27 घंटे बाधित रहेगी विद्युत बिलिंग व कस्टमर केयर सुविधा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिं. शक्ति भवन लखनऊ द्वारा डाटा सेंटर, विद्युत तंत्र में मूलभूत परिवर्तन हेतु दिनांक 16 अप्रैल को साढ़े छह बजे शाम से डाटा सेंटर के सटडाउन की प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इस हेतु डाटा सेंटर शक्ति भवन के तंत्र दिनांक 16 अप्रैल सांय 6:30 बजे से 17 अप्रैल रात्रि 9:30 बजे की अवधि में डीआर सेंटर नोएडा पर ट्रांसफर किया जाएगा। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत ने ट्विटर के माध्यम से दिया है ऐसे में विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की जाती है तो तकरीबन 27 घण्टे 1912 कस्टमर केयर एवं बिलिंग सम्बंधी उपभोक्ता सेवाएं बाधित रहेंगी। वहीं शहरी क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली तकनीकी परीक्षण हेतु 17 अप्रैल को बंद रहेगी।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 10 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से 01 थाना पश्चिम शरीरा से 03 थाना चरवा से 02 थाना पिपरी से 02 थाना सैनी से 01 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01 कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

सभी तहसीलों में किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश

फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारित करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

कौशाम्बी। शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने तहसील मंझनपुर में जनसमस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होनें भूमि विवाद सम्बन्धित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील दिवस में शिकायतकर्ता चन्द्रकिशोर ने प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया कि उनके मकान में रह रहे किरायेदारो द्वारा न ही किराया दिया जा रहा है और न ही रूम खाली किया जा रहा है एवं धमकी दी जा रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष मंझनपुर को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।शिकायतकर्ता अमित कुमार श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि विपक्षी द्वारा रास्ता पर दिवाल खडी कर जबरन बारजा भी डाल दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को जॉच कार आवश्याक कार्यवाही के निर्देश दिये है। इसी प्रकार अन्य शिकायतकताओं द्वारा भी प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे। इसी तरह सिराथू और चायल तहसील दिवस में तहसील दिवस का आयोजन कर उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में आम जनता की समस्याओं को अधिकारियों ने सुनकर निस्तारित किया है।

आग लगने पर आग से बचाव हेतु दी जानकारी

कौशाम्बी। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा में प्रभारी फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा टीम द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं व अध्यापकों को रसोई गैस सिलेण्डर में अचानक आग लगने पर आग से बचाव हेतु डेमों देकर आवश्यक जानकारी दी गई इसी प्रकार थाना मंझनपुर अन्तर्गत समदा रोड़ पर स्थित कौशाम्बी पेट्रोल पम्प पर प्रभारी फायर स्टेशन मंझनपुर टीम द्वारा पेट्रोल पम्प स्टाफ व जन समूह को अचानक आग लगने पर आग से बचाव हेतु अग्नि समन यन्त्रों के उपयोग का डेमों देकर आवश्यक जानकारी दी गई।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 90 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 02 वाहन का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

न्यूज झरोखा

नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स का न्यायमूर्ति ने किया उद्घाटन

अधिवक्ता चेंबर के ऊपर अतिरिक्त चैंबर्स बनाने की अध्यक्ष ने की मांग

कौशाम्बी। जनपद न्यायालय परिसर में नवनिर्मित अधिवक्ता चेम्बर्स का उद्घाटन हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सतीश गोयल के कर कमलों द्वारा शनिवार को संपन्न हुआ है इस मौके पर जनपद न्यायाधीश बृजेश कुमार मिश्र मौजूद रहे नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स के उद्घाटन के बाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सतीश गोयल ने कहा कि अधिवक्ता चेम्बर्स के निर्माण होने से अधिवक्ताओं को बैठने में आसानी होगी उन्होंने कहा कि नियमानुसार अधिवक्ताओं को नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर्स वितरित कर दिया जाए उद्घाटन के बाद मॉडल बार डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनुदेव त्रिपाठी ने नवनिर्मित अधिवक्ता चेंबर के ऊपर और चेंबर बनाए जाने की मांग की जिसे स्वीकार कर लिया गया है कार्यक्रम के शुरूवात में न्यायमूर्ति और न्यायाधीश को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है इस मौके पर मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी उपाध्यक्ष विजय सिंह कोषाध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह महामंत्री तुषार तिवारी एडवोकेट ओमदेव त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र नारायण पांडेय ज्ञानेंद्र शुक्ला ममता कश्यप अजमेरी लाल शेष कुमार त्रिपाठी लंकेश मिश्रा पारसनाथ ओझा दीप नारायण त्रिपाठी अवनीश त्रिपाठी पवन सिंह सचिन कुमार ओम प्रकाश शशांक खरे सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

विजिया कौशाम्बी। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ऐंगवां कौशाम्बी के हनुमान मंदिर सहित पूरे जिले के हनुमान मंदिर में बड़ी ही धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया है जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिरों को सजाया गया है इस मौके पर मंदिरों में विशाल भंडारे का भी आयोजन भक्तों द्वारा किया गया है हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड और अखंड रामायण का पाठ का आयोजन भी हनुमान मंदिर में भक्तों ने किया है ऐंगवा मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा आयोजित किया गया है सैकड़ो साथियो के साथ विधि विधान सहित 21 पंडितो के द्वारा सुंदर कांड का पाठ एवं पूजा पाठ कर बड़े ही भव्य तरीके से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया है हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिया उपरहार में हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के तमाम साथी मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर रोड पर अतिक्रमण करने वालो को दी गई हिदायत

कौशाम्बी। जिले में यातायात व्यवस्था को चुस्त बनाये रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कस्बा भरवारी में पैदल मार्च भ्रमण कर दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने व सीसीटीवी कैमरे लगाने के सम्बन्ध में वार्ता की व संदिग्ध व्यक्तियो वाहनों को चेक किया गया जिसमे वाहनों के अभिलेखों की जांच की गई साथ ही चालको को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सभी थाना क्षेत्रों थाना कौशाम्बी थाना मोहब्बतपुर पाइंस थाना पश्चिम शरीरा थाना मंझनपुर थाना चरवा थाना पिपरी थाना करारी थाना सराय अकील थाना कड़ाधाम चौकी प्रभारी टेवा द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया व दुकानदारों से अपने अपने दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों को लगवाने दुकानदारों से रोड पर अतिक्रमण न लगाने के निर्देश दिए व संदिग्ध व्यक्ति वाहन को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पैदल गश्त कर कोतवाल ने पुलिस सुरक्षा ड्यूटी को किया चेक

कौशाम्बी। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और समाज में अमन-चैन कायम करने के उद्देश्य से मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने पुलिस जवानों के साथ ओसा चौराहा में पैदल गस्त किया प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर ने दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में नियुक्त पुलिस सुरक्षा ड्यूटी को चेक किया तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान कोतवाल ने आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया और कहा कि अपराध और अपराधियों की खैर नहीं होगी उन्होंने शरारती तत्वों को कठोर शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि वह शरारत करना बंद कर दें वरना शरारती तत्वों के लिए हवालात में जगह होगी शुक्रवार की शाम मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह पुलिस जवानों के साथ ओसा चौराहा और मार्केट में पैदल गश्त करने निकले और उन्होंने संदिग्ध लोगों को रोककर उनसे गहन पूछताछ की।

शॉर्ट सर्किट से किसान की गृहस्थी जलकर राख

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जजौली गांव निवासी राजाराम मौर्य सुंदरलाल मौर्य पुत्र शिव शरण मौर्य के मकान में अचानक शनिवार को शाम 5:00 बजे आग लग गयी अग्निकांड की घटना में मवेशी गोवंश समेत लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई घर के अंदर बंधी गाय भैंस हीरो होंडा मोटरसाइकिल अनाज कपड़े गेहूं आलू लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर राख हो गई सूचना पाकर पश्चिम शरीरा थाना प्रभारी व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर घंटों बाद काबू पाया गया तब तक गृहस्थी जलकर राख हो गई राजाराम और सुंदर लाल दोनों भाई किसान हैं गेहूं की फसल काट कर घर आई थी आलू भी खुदाई करके घर में लाकर रखा गया था लाखों का अनाज व आलू जलकर राख हो गया साथ ही साथ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया अनुमान लगाया जाता है कि पचास हजार रुपए कीमत का गृहस्थी का सामान का नुकसान हुआ है अन्य सामान का नुकसान अलग हुआ है आग की विभीषिका में किसान का सबकुछ तबाह हो गया।

कई चौकी इंचार्ज उप निरीक्षकों समेत 90 सिपाही इधर से उधर

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। विधानसभा चुनाव और एमएलसी चुनाव खत्म होने के बाद कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने 14 दरोगा सहित 90 आरक्षी गणों को इधर से उधर स्थानांतरित कर दिया। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने शुक्रवार की रात 14 दरोगा सहित 90 आरक्षी गणों को ताश के पत्तों की तरह फेंट दिया। इसमें उप निरीक्षक वीर प्रताप को महगांव से बेनी राम कटरा उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार को पिपरी थाना से मूरतगंज अखिलेश तिवारी को पिपरी थाना से भरवारी गौरव त्रिवेदी को शहजाद पुर से अजुहा और उपनिरीक्षक बिजेंद्र कुमार को अझुवा से रहीमाबाद तथा जनार्दन सिंह को बेनीराम कटरा से बैरमपुर अयोध्या कुमार को पुलिस लाइन से रावतपुर अमित द्विवेदी को रावतपुर से महगांव अवध राज यादव को हिनौता से तिल्हापुर मनोज यादव को हब्बू नगर से सहजादपुर दिनेश मिश्रा को मूरतगंज से हब्बू नगर अजीत सिंह को तिल्हापुर से हिनौता कैलाश सिंह को पुलिस लाइन से डायल 112 किशन कुमार को रहीमाबाद से सैनी में तैनात किया गया है। वहीं पर आरक्षी गणों में महिला और पुरुषों का भारी संख्या में फेरबदल करते हुए 90 सिपाहियों को वर्षों से थानों में जमा होने के बाद इधर से उधर स्थानांतरित कर दिया गया। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सभी स्थानांतरित उप निरीक्षकों तथा आरक्षी गणों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित स्थानों पर चार्ज लेने का दिशानिर्देश जारी किया गया है। आदेश की अवहेलना करने वाले उप निरीक्षकों तथा आरक्षी गणों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का भी एसपी ने निर्देश जारी किया है हेड कांस्टेबल के कार्यक्षेत्रों में परिवर्तन किये जाने के निर्देश दिए हैं इसके साथ-साथ पुलिस लाइन में ट्रेनिंग पूरी कर चुके 11 कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल को नई तैनाती दिए जाने का निर्देश एसपी ने जारी किया है।

कप्तान साहब थानों पर कारखासो की चलती है हुकूमत....

कौशाम्बी। कहते है सरकार की आंख और कान प्रशासन होते है तो उनकी आंख व कान उनके मातहत अधिकारी होते है लेकिन उन मातहतों अधिकारियों पर एक विशेष वर्ग कारखास का कब्जा हो गया है जिसके चलते प्रशाशन व शासन की किरकिरी आए दिन होती रहती है। जिले के पिपरी, सरांय अकिल, महेवाघाट करारी, कोखराज, सैनी, कड़ा धाम, मोहब्बतपुर पइंसा आदि थानों पर कारखासों का वर्चस्व कायम है। थाने पर तैनात एक से दो सिपाहियों के इशारे पर पूरा थाना घूमता है। थानेदार के खास कांस्टेबल्स की हुकूमत चलने की शिकायत एसपी तक नही पहुच पाती है। जिसमे थानों में तैनात सिपाहियो की अवैध कारोबार को बढ़ावा देने वाले सिपाहियों को संरक्षण देने में एसओ की मिली भगत होती है। यहाँ तक रात-रातभर जागकर बालू पासरों में इनकी अहम भूमिका होती है। हालांकि पासर के भी कई कई चेहरे होते है हरेक चेहरे के पीछे दूसरा चेहरा छुपा होता है। वहीं जिले के थानों की कारखासों की करतूते कई बार उजागर हुई हैं। वही एसपी का कहना है कि पुलिस की छवि खराब करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बिजली की कटौती व नहरों में पानी की समस्या का जल्द किया जाय समाधान : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते समर्थ किसान पार्टी के नेता

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी ने बिजली की कटौती एवं नहरों में पानी न आने को लेकर नाराजगी जाहिर की है और जल्द ही समाधान कराने की जिला प्रशासन से मांग की है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिजली पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों की समस्या सुनी। कई गांवों के लोगों ने बताया कि इस समय गेहूं की मड़ाई का समय चल रहा है और बिजली की लगातार कटौती जारी है। साथ ही बिजली की कटौती के चलते लोग भारी गर्मी से बेहाल हैं और रात भर रतजगा कर रहे हैं। इसी तरह नहरों में पानी नहीं आ रहा है और किसानों की खरीफ की फसल सूख रही है। साथ ही गांवो के तालाबों में पानी न होने के कारण गर्मी से बेहाल पशु पक्षियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं बल्कि किसी भी गांव के तालाब में पानी न होने के कारण यदि किसी भी गांव में आगजनी की घटना होती है तो लोगों को भारी दिक्कत हो सकती है। लिहाजा इस समय नहरों में पानी अवश्य आना चाहिए ताकि गांवो मजरों के तालाब भरे जा सकें ग्राम जगन्नाथपुर, पडरी, गंभीरा, खनवारी, जियापुर आदि गांवों के भ्रमण के दौरान लोगों से रूबरू हुए अजय सोनी ने जिला प्रशासन से तत्काल बिजली की कटौती बन्द कराने एवं नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की है अन्यथा सैकड़ों लोगों के साथ बिजली पानी की किल्लत को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर उदय बहादुर सिंह, टिंकू मौर्य, कुलदीप कुमार, रमेश सोनकर, जय करन तिवारी, अंशुल पटेल, रामराज गौतम, गोरे लाल सरोज, राकेश यादव, दिलीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

शहजादपुर के नए चौकी प्रभारी बने मनोज यादव

कल्यानपुर कौशांबी। पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने भारी संख्या में पुलिस एवं उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र इधर से उधर किए है।इसी क्रम में शहजादपुर चौकी प्रभारी रहे गौरव त्रिवेदी को अजुहा चौकी की जिम्मेदारी दी गई।चौकी हब्बू नगर थाना कड़ा में तैनात रहे मनोज यादव को चौकी शहजादपुर में तैनात किया गया ।बताते चले की श्री गौरव त्रिवेदी का कार्य काल बहुत ही सराहनीय रहा कही भी चाहे चुनाव रहा हो या कोई बड़ा त्योहार क्षेत्र में शांति पूर्वक हुआ कही भी किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुआ। क्षेत्र के आम जनता को ऐसे तेज तर्रार चौकी इंचार्ज की याद हमेशा आती रहेगी।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त प्रमोद सिंह पुत्र शोभनाथ निवासी डाड़ी थाना सराय अकिल को गिरफ्तार केर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

शिवहरि बाबा मेले में उमड़ी भीड़, लोगों ने की जमकर खरीदारी

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पूरब शरीरा में प्रसिद्ध शिव हरि बाबा मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया है जहां ग्रामीणों की भीड़ मौजूद रही गर्मी के बीच परिवार संग पहुंच कर लोगों ने मेले का आनंद लिया शिवहरि बाबा की धरती पर ऐतिहासिक मेला शनिवार को पूरे शबाब पर लगा था। मेले में पहुंच कर लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। मेले के अंदर अव्यवस्था के चलते मेलार्थी संग दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे व्यापारियों व दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। गर्मी के बीच पहुंचे लोगों ने मेला का पूरा आनंद उठाया। इस दौरान लोगों ने मेले के अंदर सामान की खरीददारी की सुबह से ही गांव से लोग परिवार संग पहुंचने लगे। वहीं शाम होते ही गांव के लोग मेले की तरफ निकल गए। महिलाओं ने घरेलू उत्पादों को खरीदा। मेले के अंदर खरीदारी तेज होने से दुकानदारों के चेहरों पर रंगत दिख रही है। मेले में खान-पान की दुकानों पर भी ग्राहकों की खूब जुटान देखने को मिली। इस मेला का आयोजन बाबू लाल कर रहे है शिव हरिबाबा ग्राम पूरब शरीरा मजरा टहेरा स्थित मेला के पुजारी रमाकांत तिवारी राम सिंह। राम चन्द्र अजय सिंह, हरिचन्द्र सिंह शैलेंद्र सिंह प्रसादी लाल आदि लोग मेले की व्यवस्था देखने में मौजूद रहे।

बालिका अशीर्वाद योजना मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण

केन्द्र व प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए संकल्पित सभी पात्र निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाय

अखंड भारत संदेश

योजनाओं के लाभार्थी

कौशाम्बी। उदयन सभागार में आयोजित ई-श्रम, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं निर्माण श्रमिको के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के जन जागरूक्ता कार्यक्रम में बालिका अशीर्वाद योजना तथा मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद ने निर्माण श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद कौशाम्बी के दृष्टिगत श्रम विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है, इस विभाग के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिको/मजदूरों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए संकल्पित है तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गो के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाये संचालित की जा रही है। उन्होने सभी से सहयोग करने की अपेक्षा की, जिससे समाज के अन्तिम पायदान के व्यक्ति को भी सुगमता पूर्वक लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने श्रमिकों से कहा कि राष्ट्र निर्माण में आपके द्वारा जो अहम भूमिका निभाई जा रही है, उसका ब्याज सहित वापस करने के लिए सरकार संकल्पित है। सांसद ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि योजनाओ से सम्बन्धित पम्पलेट सभी निर्माण श्रमिको को उपलब्ध करा दिया जाय तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर कैम्प लगा के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाय, कोई भी पत्र निर्माण श्रमिक छूटने न पायें। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित बालिका आशीर्वाद योजना के लाभार्थीगण- ग्राम व पो0 भेलखा की निवासी श्रीमती रीता देवी पत्नी फूलगेन्द, ग्राम अनेठा के निवासी बब्लू पुत्र राम निहोरे, ग्राम सिरियॉवा कला बडागॉव के जगदीश पुत्र जोगे लाल, ग्राम महेवा शाहपुर के रामशिव लोचन पुत्र इन्द्राज, ग्राम बेरूई रक्सवारा के श्रीमती निर्मला देवी पत्नी बडे लाल, ग्राम नैनी मवई के मनोज कुमार पुत्र गोलकी, ग्राम व पोस्ट हिनौता के कमलेश कुमार पुत्र सूरजदीन, ग्राम निगहा पोस्ट मवई के उमेश चन्द्र पुत्र हुबलाल, ग्राम तन्नापर के विजय कुमार पुत्र बुद्धन, ग्राम महुवा खाडा के विनोद पुत्र रामप्रकाश, ग्राम भक्तन का पूरा मजरा पाता के मोती लाल पुत्र देशराज एवं कोरावं खास के दिनेश कुमार पुत्र रोशन लाल को रू0 20-20 हजार की आर्थिक सहायता का चेक दिया गया तथा ग्राम दलेला गंज पोस्ट मवई के भारत लाल पुत्र सूरज दीन ग्राम जलालपुर के राहुल कुमार पुत्र पंचम लाल एवं ग्राम जलालपुर जवाहर गंज के समर बहादुर पुत्र श्रीभगवत को रू0 25-25 हजार की अर्थिक सहायता का चेक दिया गया। इसी प्रकार मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना के लाभार्थीगण- ग्राम चमन्धा की श्रीमती राजेश्वरी पत्नी स्व0 हिमन चन्द्र, ग्राम पल्टीपुर अन्धवां के दिनेश कुमार स्व0 बृज लाल, ग्राम हिसामपुर परसखी की श्रीमती शिवरानी पत्नी स्व0 शिवप्रकाश, ग्राम सुखऊ का पूरा की श्रीमती मीनादेवी पत्नी स्व0 कन्धई लाल ग्राम अहिरारा की सुषमा देवी की पत्नी स्व0 गया प्रसाद कुशवाहा, ग्राम भेलखा की श्रीमती गीता पत्नी स्व0 लकडू ग्राम जाठी की श्रीमती शिवकली पत्नी स्व0 रामबहोरी ग्राम नैनी पोस्ट मवई की श्रीमती रनूदेवी स्व0 प्रेमलाल,ग्राम साहपुर की श्रीमती तुलसी देवी पत्नी स्व0 मधई, ग्राम टडहर की श्रीमती सकुन्तला देवी पत्नी स्व0 ठाकुर प्रसाद एवं ग्राम डेढ़ावल की श्रीमती सुनीता देवी पत्नी स्व0 सन्तोष कुमार को रू0 02 लाख की आर्थिक सहायता का चेक दिया गया है। इस अवसर पर सीडीओ शशिकान्त त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व निर्माण श्रमिक उपस्थित रहें।

असहाय लोगों में बांटी गई मुफ्त राशन किट

अखंड भारत संदेश

असहाय लोगों को मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्री

करारी कौशाम्बी। रमजानुल मुबारक का पवित्र महीना चल रहा है हदीस के अनुसार इस महीने के एक नेकी का सवाब (पुण्य) कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है इसीलिए लोग इस मुबारक महीना में खूब नेकियां करते हैं किन्तु अधिक से अधिक पुण्य कमाया जा सके इसी तरह का एक काम प्रसंशनी काम समाज सेवी संस्था तहरीक फरोग ए इस्लाम शाखा कौशाम्बी ने शुरू किया है।

संस्था के जिम्मेदार हाफिज जहीर बताते हैं की शहर काजी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी साहब के नेतृत्व और हाफिज राहत खान रजवी की अध्यक्षता में हमने गरीब असहाय और जरूरतमंदों तक ज्यादा से ज्यादा राशन साम्रगी पहुँचाने का काम शुरू किया है किन्तु गरीबी की वजह से कोई व्यक्ति इस मुबारक महीने में भूखा न रहने पाए संस्था के अध्यक्ष हाफिज राहत खान रजवी बताते हैं की अब तक हजारों की लागत से 70 राशन किट बांटी जा चुकी है जिसमे चीनी बेसन चना मटर सरसों का तेल चाय की पत्ती ग्लूकोस खजूर नमक और पापड़ जैसी समर्गी शामिल है। संस्था के सदस्य मुहम्मद गुफरान और नदीम अहमद का कहना है की हम इस काम को पूरे जिले में बढ़ा रहे हैं यदि किसी व्यक्ति को जरुरत हो तो वो नीचे दिए गए नंबर 9369555514 पर हमसे सम्पर्क करे हम राशन समर्गी उस तक पहुँचाने की पूरी कोशिश करेंगे। इस काम में संस्था के शैख मुहम्मद मियां कादरी मुहम्मद राशिद मुहम्मद आमिर मुहम्मद उमर मुहम्मद इम्तियाज हाफिज मुहम्मद शाहनवाज मुहम्मद सरताज मुहम्मद आमिर मौलाना दिलशाद मुहम्मद तौसीफ उर्फ शोएब और सभी सदस्य गण ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।

जिसको होना चाहिए जेल में संभाल रहे पुलिस चौकी!

योगी सरकार की जिम्मेदार करा रहे किरकिरी

कौशाम्बी। उपमुख्यमंत्री के गृह जनपद कौशाम्बी में अजीबोगरीब शासन व्यवस्था हो चुकी है एक तरफ योगी सरकार की पुलिस अपराधियों,अराजक तत्वों वांछित अभियुक्तों पर लगाम कसते हुए जेल भेज रही है वहीं कौशाम्बी जिले में गम्भीर मुकदमों में वांछित दरोगा सिपाही पुलिस चौकी संभाल रहे हैं जिम्मेदार 6 माह से विभागीय जांच में उलझे हुए हैं ईमानदार एसपी और प्रदेश की बुल्डोजर वाली सरकार की किरकिरी हो रही है चरवा थाने में उदाथु निवासी युवती को जिले में तैनात 2 होनहार कमाऊ पूत दरोगा और सिपाही ने मारपीट जातिसूचक गालियां देते हुए जख्मी कर दिया था स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज नही किया था युवती ने कोर्ट के सहारे एससी एसटी सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवाया था जिसकी जांच हो रही है उनमें से एक दरोगा ने सफाई कर्मी को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था वीडियो वायरल होने पर लाइन का रास्ता भी दिखाया गया था ।आरोपो से घिरे दरोगा तैनाती स्थल में क्या न्याय करते होंगे ये किसी से छिपा नही है उनमें से एक आरोपी दरोगा प्रायोजित खबरों का शौकीन सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक मलाईदार पुलिस चौकी में पिछले 6 माह से तैनात है जिसका कुछ दिन पहले छोटी बच्चियों के परिजनों पर जिंदा गाड़ देने और गोली मारने का ऑडियो वायरल हुआ था उस पर पार्टी बंदी करते विधानसभा सिराथू चुनाव के दरम्यान भाजपा प्रत्यासी को हराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाने का आरोप लगा था जिसकी शिकायत भी पार्टी जनों ने की थी अपने क्रिया कलापों से हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले दरोगा पर जिम्मेदार पर्दा डालने का काम कर रहे हैं उसके कारखास दिन भर अवैध शराब कारोबारियों से अपना हिस्सा वसूलते हुए दिखाई देते हैं,चाहे ओवर लोड वाहनों से इंट्री के नाम पर हो,डग्गामार वाहनों से तय किये गए व्यक्ति से वसूली कराई जाती है यदि पुलिस उच्चाधिकारियों ने जांच कराई तो दरोगा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

संपादकीय

कोरोना महामारी: बरतनी होगी सावधानी

कोरोना संक्रमण ने पूरे विश्व में पिछले दो ढाई वर्षों से तहलका मचा कर रखा है। लाखों लोगों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। करोना संक्रमण अत्यंत खतरनाक है,वह अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। चीन में अभी भी लोगों को संक्रमित कर लोगों की जान का खतरा बना हुआ है। इसी तरह अन्य कई देशों में भी अभी भी करोना का संक्रमण बुरी तरह व्याप्त है। भारत में भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है अभी भी करोना के संक्रमित मरीज विस्तृत जांच करने पर पाए जा रहे हैं, मेहरबानी इतनी है कि इससे जान का नुकसान लगभग नगण्य हैं, पर खतरा जरूर है, हमें सावधानी जरूर रखनी होगी और कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फिर कहा है कि वे करोना वायरस के स्वरूपों के वंशानुगत नए नए रूपों पर नजर रख रहा है इन स्वरूपों के दो उप स्वरूप भी सामने आए हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली से बचकर निकलने की क्षमता के साथ उत्परिवर्तन भी होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की साप्ताहिक महामारी विज्ञान अपडेट में कहा गया है कि ओमी क्रोन का नया स्वरूप दुनिया में संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकता है। एजेंसियों के अनुसार यह स्वरूप 2.3 के साथ-साथ इं4 तथा 5 जैसे ओमिक्रोन के चिंता जनक स्वरूपों के तहत कई अन्य स्वरूपों के रूप में सामने आ सकता है। इस नए स्वरूप में 1 ए तथा बी ए टू का मिलाजुला एक्स स्वरूप भी शामिल है, जो मानव जीवन के लिए अति खतरनाक होने की संभावना रखता है। यदि हम भीड़ में लगातार बिना मास्क पहने और पर्याप्त सामाजिक दूरी रखने और वैक्सीन लगवाने से परहेज करेंगे तो हम भी इसके संभावित शिकार हो सकते हैं। कुछ देशों में 4 तथा 5 के स्वरूपों का मिलाजुला रूप भी सामने आ रहा है क्योंकि यह बड़े म्युटेंट हैं, इससे शरीर में अनेक लक्षण लेकर आ रहा है। यह पूर्व के लक्षणों से थोड़ा अलग होकर मानव जीवन के लिए खतरा बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने तथा शोधकर्ताओं ने कहा कि सारे स्वरूप मिलजुल कर एक नया स्वरूप बनाने में सक्षम होते हैं इस पर लगातार शोध का कार्य किया जा रहा है। एवं मानव जीवन को बचाने की प्रक्रिया में यह महत्वपूर्ण शोध भी शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन के साथ भारत तथा मलेशिया, अमेरिका ,ब्रिटेन ,कनाडा देशों के उपलब्ध डाटा बेस निकाल कर उसका अध्ययन जारी रखे हुये है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में भारत, चीन, बांग्लादेश, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल तथा अन्य ऐसे देशों में चेतावनी जारी की है जहां अभी भी ओमीक्रोन संक्रमण के विषाणु पूरी तरह खत्म ना होकर अभी भी जिंदा है। जिससे इसके बड़े समुदायों में फैलने की गंभीर आशंका है। लाजमी है कि भारत जैसे बड़ी जनसंख्या जहां शिक्षित अशिक्षित दोनों लोग निवास करते हैं एवं चिकित्सा सुविधा यूरोपीय देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। ज्यादा संवेदनशील देश माने जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सार्स-सी ओ वी2 का उत्परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत जारी है। दुनिया में यह तेज गति से फैलने के कारण नए स्वरूप के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष मई तथा जून के माह में इस वैरीअंट के फैलने की संभावना बढ़ रही है।

साम्प्रदायिक हिंसा की आंच

निर्मल रानी

पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट केअध्यक्ष आचार्य किशोर के अनुसार इश्तियाक अहमद खान पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में गुवाहाटी में कारोबार कर रहे हैं। इश्तियाक अहमद खान ने ही 2.5 करोड़ रुपये की जमीन विराट रामायण मंदिर निर्माण हेतु दान की है। योजनानुसार यह विराट रामायण मंदिर विश्व के प्रसिद्ध 12 वीं सदी के अंगकोरवाट के मंदिर से भी विराट होगा तथा इसपर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुजफ़्फरपुर जिले के मुहम्मदपुर गांव में कुछ उपद्रवियों ने राम नवमी के दिन एक मस्जिद पर भगवा झंडा लहराकर अपनी भी 'सभ्यता ' का परिचय दिया

पिछले एक पखवाड़े के भीतर देश के अनेक राज्यों से साम्प्रदायिक हिंसा की वारदातों के अफसोसनाक समाचार सुनने को मिले। निश्चित रूप से दुनिया का कोई भी सभ्य समाज हिंसा,लूट,बस्ती में आगजनी करने, हत्या, पत्थरबाजी, गोलीबारी, किसी समुदाय के धर्मस्थल पर किसी अन्य समुदाय से संबंधित ध्वज फहराने,लाऊडस्पीकर पर समुदाय विशेष को गलियां देने,उन्हें धमकाने और दहशत फैलाने आदि दुष्कृत्यों को सही या जायज नहीं ठहरा सकता। और यदि कोई वर्ग ऐसा है जिसे इसतरह के दो समुदायों को विभाजित करने वाले हालात पर गर्व अथवा खुशी है या उसे इन हालात से किसी तरह का लाभ मिलता है तो निःसंदेह वह वर्ग न केवल असभ्य है बल्कि वह देश और मानवता का दुश्मन भी है चाहे वह किसी भी धर्म अथवा समुदाय का क्यों न हो। चूँकि सत्ता के नुमाइंदे प्रायः देश के लोगों को यह सलाह देते हैं कि उन्हें 'आपदा में भी अवसर' की तलाश करनी चाहिए और मंहगाई या बेरोजगारी पर हाय तौबा करने के बजाये अपनी सोच नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक रखनी चाहिये। इसीलिये बावजूद इसके कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में रामनवमी के जुलूसों के दौरान हिंसक वारदातों की जितनी खबरें इसबार सुनने को मिलीं,पहले कभी नहीं सुनी गयीं। परन्तु इन साम्प्रदायिक हिंसक वारदातों के ठीक विपरीत इसी राम नवमी में देश के अनेक भागों से साम्प्रदायिक सद्भाव की भी अनेक अनूठी खबरें सुनाई दीं हैं। यह और बात है कि गोदी मीडिया को हिंसा व आगजनी की चपेट में आई इंसानी बस्तियों में उठती आग की लपटें और हवा में तलवारें लहराते और दहशत फैलाने वाले धार्मिक उद्घोष व चीख पुकार आदि तो उनकी अपनी टी आर पी बढ़ाने के लिये दिखाई व सुनाई दिये। परन्तु देश को सद्भाव का सन्देश देने वाली खबरें नजर नहीं आईं।

बेशक देश का एक बहुत बड़ा अमनपसंद वर्ग इस समय देश के सत्ता के संरक्षण से पैदा होने वाले विभाजनकारी व सामाजिक ध्रुवीकरण के हालात से अत्यंत निराश हो चुका

है।

परन्तु अभी भी इसी देश में रोजाना कहीं न कहीं से ऐसी खबरें सुनाई देती हैं जिनसे यह उम्मीद बंधती है कि देश पर छाये हिंसा व नफरत के काले बादल आज नहीं तो कल जरूर छंटेंगे।

उदाहरण तौर पर झारखण्ड की राजधानी रांची में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामनवमी के जुलूस का शानदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने राम नवमी जुलूस में शामिल अपने हिन्दू भाइयों को मिठाई,गुड़, चना, फल आदि खिलाया और शीतल पेय भी पिलाया।

इतना ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय से संबंधित कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा से जुड़े विशिष्ट हिन्दू पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उन्हें पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। प्राप्त समाचारों के अनुसार रांची की सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ,रांची पब्लिक स्कूल तथा इमाम बख़्श अखाड़ा सहित अनेक मुस्लिम संस्थाओं,मदरसों व स्कूलों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिले एक दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। ऐसा ही समाचार झारखण्ड के ही हजारीबाग से भी प्राप्त हुआ है। बताया जाता है कि हजारी बाग जिले की रामनवमी की शोभा यात्रा अपनी भव्यता को लेकर पूरे देश में मशहूर है। । यहाँ की रामनवमी साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये भी प्रसिद्ध है। हमेशा की तरह इस बार भी रामनवमी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें अपनी सहभागिता दर्ज की। यहाँ भी रामभक्तों का मनोबल बढ़ाते हुये मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें जगह-जगह पर सम्मानित किया। इतना ही नहीं बल्कि हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के सर पर केसरिया पगड़ी बाँध उनसे गले मिलकर सौहार्द की मिसाल पेश की। इनमें अनेक मुसलमान तो स्वयं रोजा धारण किये होने के बावजूद रामनवमी के जुलूस में हर्षोल्लास से शरीक हुये और खुद भूखे (रोजा) रहकर भी अपने राम भक्त भाईयों को जलपान कराया। झारखण्ड के ही पलामू, मेराल,मेदिनीनगर व गढ़वा आदि जैसे कई स्थानों से भी ठीक इसी तरह के सदभावपूर्ण रामनवमी आयोजन के समाचार मिले हैं। कुछ ऐसी ही 'सकारात्मकता' से परिपूर्ण खबरें उसी राजस्थान राज्य से आईं जहाँ के करौली क्षेत्र में कुछ दिनों पहले दंगाइयों ने उपद्रव व आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया था। अब इसी राजस्थान के जयपुर,अजमेर व जैसलमेर जैसे प्रमुख शहरों में रामनवमी के जुलूस पर मुस्लिम समुदाय की ओर से फूल बरसाकर उनका स्वागत करने तथा मिठाइयां व शरबत आदि वितरित करने के समाचार प्राप्त हुये हैं। देश के कई जगहों से जहाँ ऐसे समाचार पहले भी आये और इस बार की रामनवमी के अवसर पर भी सुने गये कि मस्जिद पर कुछ धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन भगवा झंडा लहराया गया। वहीं केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव से मिलने वाली खबर शांति के पक्षधर भारतवासियों में बेशक "सकारात्मकता " का संचार करती है। दमन दीव के खारीवाड़-मिटनावड़ में स्थित राम मंदिर के शिखर पर मुस्लिम समाज के समाजसेवी शौकत मिठाणी ने भगवा ध्वज अपने हाथों से स्थापित किया। और रामनवमी के जुलूस में भगवान राम की पालकी अपने कन्धों पर उठाकर प्रेम,सद्भाव व भाईचारे का सुबूत पेश किया। बताया जाता है कि यह राम मंदिर शौकत मिठानी ने अपने पैसों से बनवाकर स्थानीय हिन्दू समाज को भेंट किया है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही बिहार राज्य के चंपारण से दुनिया का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर बनाने की तैयारियों की खबर सामने आई थी। बिहार के एक मुस्लिम व्यक्ति ने राज्य के पूर्वी चंपारण जिले के कैथवलिया इलाके में बनने वाले इस मंदिर हेतु 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी निजी जमीन दान में दी है। पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य किशोर के अनुसार इश्तियाक अहमद खान पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में गुवाहाटी में कारोबार कर रहे हैं। इश्तियाक अहमद खान ने ही 2.5 करोड़ रुपये की जमीन विराट रामायण मंदिर निर्माण हेतु दान की है। योजनानुसार यह विराट रामायण मंदिर विश्व के प्रसिद्ध 12 वीं सदी के अंगकोरवाट के मंदिर से भी विराट होगा तथा इसपर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी बिहार के मुजफ़्फरपुर जिले के मुहम्मदपुर गांव में कुछ उपद्रवियों ने राम नवमी के दिन एक मस्जिद पर भगवा झंडा लहराकर अपनी भी 'सभ्यता ' का परिचय दिया था। कहना गलत नहीं होगा कि धर्म वहीं वहीं है जहां प्रेम व सद्भाव कायम है और जहाँ भी हिंसा वैमनस्य है वहां धर्म नहीं बल्कि अधर्म और पाखण्ड का ही साम्राज्य है।

अनुच्छेद 370 के पक्ष में नहीं थे डॉ भीमराव

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर यह बात जग प्रसिद्ध है कि भारत एक शांतिप्रिय देश है और यह बात सांच को आंच नहीं पर पूरी तरह फिट बैठती है। क्योंकि आज दुनियां में भारत की साख, लोकप्रियता, आपसी सहयोग, नीतियों से भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगे हैं। परंतु बड़े बुजुर्गों का कहना सत्य है कि चांद पर भी धब्बे हैं, यानें अगर हमारी गौरव गाथा विश्व में गायी जा रही है तो स्वाभाविक रूप से कुछ कमियां भी हो सकती है। हालांकि उसपर नियंत्रण कर आगे बढ़ना भारत का हजारों वर्षों से स्वभाव रहा है।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) रिपोर्ट 2022 के ध्वनि प्रदूषण पर भारत की स्थिति की करें तो इस रिपोर्ट में दुनिया के कुल 61 प्रदूषित शहरों में से 13 दक्षिण एशिया से और पांच शहर भारत के हैं।बांग्लादेश के ढाका को दुनिया के सबसे ज्यादा शोरगुल वाले शहर के रूप में स्थान दिया गया है उसके बाद दूसरे नंबर पर यहां के सबसे बड़े राज्य के एक शहर को 114 डेसीबल रिपोर्ट कर दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है!!! जबकि मीडिया के अनुसार वहां के स्थानीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने इस तथ्य को गलत बताकर अपनी सफाई में डेसीबल के असली आंकड़े पेश किए हैं। साथियों बात अगर हम ध्वनि प्रदूषण को परिभाषित करने की करें तो, ध्वनि प्रदूषण को अप्रिय और अवांछित ध्वनि को शोर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। ध्वनि प्रदूषण, प्रदूषण का एक भौतिक रूप है, यह वायु, मृदा और जल जैसी जीवन रक्षक प्रणालियों के लिए प्रत्यक्ष रूप से हानिकारक नहीं होता है अपितु इसका प्रभाव ग्रहणकर्ता पर पड़ता है, साथ ही मानव इससे प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है। साथियों बात अगर हम ध्वनि प्रदूषण से मानवीय शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचने की करें तो, ध्वनिक प्रदूषण चिड़चिड़ापन एवं आक्रामकता के अतिरिक्त उच्च रक्तचाप, तनाव, कर्णक्षेवड, श्रवण शक्ति का ह्रास, नींद में गड़बड़ी और अन्य हानिकारक प्रभाव पैदा कर सकता है। इसके अलावा तनाव और उच्च रक्तचाप स्वास्थ्य समस्याओं के प्रमुख हैं, जबकि कर्णक्षेवड स्मृति खोना, गंभीर अवसाद और कई बार असमंजस के दौरे पैदा कर सकता है। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में मानवीय सोच की करें तो ध्वनि प्रदूषण से बचने, शांति की तलाश में हम अक्सर ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं जहां कम शोर हो, ट्रैफिक की आवाज कम हो, कम भीड़-भाड़ हो और जहां हम एकांत में कुछ पल शोर शराबे से दूर बिता सकें। लेकिन शोर और ध्वनि प्रदूषण साये की तरह हमारा पीछा करते हैं, हमारे देश में हालात ये हैं कि जश्न और आस्था के नाम पर शोर मचाने वाले लोग वक्त की परवाह नहीं करते, सड़कों पर बिना वजह प्रेशर हॉर्न बजाते हैं और पार्टी, शादी और प्रचार के नाम पर शांति पसंद लोगों की जिंदगी में शोर का जहर घोलते हैं। साथियों बात अगर हम ध्वनि प्रदूषण संबंधी कानूनों और नियमों की करें तो, भारत में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित कानून ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत ध्वनि प्रदूषण को अलग से नियंत्रित किया जाता है। इससे पहले ध्वनि प्रदूषण और इसके स्रोतों को वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत नियंत्रित किया जाता था। इसके अतिरिक्त पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के तहत मोटर वाहनों, एयर-कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, डीजल जनरेटर और कुछ अन्य प्रकार के निर्माण उपकरणों के लिये ध्वनि मानक निर्धारित किये गए हैं।

वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत उद्योगों से होने वाले शोर को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। वर्ष 2000 में केंद्र सरकार ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर कुछ नियम बनाए थे जिनके मुताबिक, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच लाउड्स स्पीकर्स, ऊंचे म्यूजिक, और ड्रम का इस्तेमाल गैरकानूनी है। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच लाउडस्पीकर बजाना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच खुली जगहों पर लाउडस्पीकर या म्यूजिक बजाना एक दंडनीय अपराध है। साइलेंस जोन्स जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थान और अदालतों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी वजह से शोर 50 डेसिबल से ज्यादा का नहीं होना चाहिए।

अभिव्यक्ति

कुत्ते जी आए मुझे खरीद ले जाए

रामविलास जांगिड़

फालतू दिमाग से बोझिल न रहूं। चाटूं और पूंछ खिलाऊं! बस इसी मंत्र का फूल खिलाऊं! पूंछ हिलाने व चरण चाटने के बदले गाड़ी, कोठी, नौकर, चाकर के साथ प्यारी सी मालकिन! वाह

कई कुत्ते मेरे पीछे घूम रहे हैं और आजकल वे मुझे पालने की फिराक में हैं। बहुत सारे कुत्तों को मैंने देखा है, जिन्होंने बढ़िया से बढ़िया मालिक पाल रखे हैं। हर एक प्रतिष्ठित कुत्ते के पास अपने ढंग का एक खास पालतू मालिक है। कुत्ते अपने-अपने मालिकों को सुबह-शाम सैर कराने ले जाते हैं। झील किनारे, गार्डन घास में, कुत्ते सैर कराते हैं अपने मालिकों को! और साथ ही उनको कुछ खिलाते-पिलाते कुत्ता मालिकों का एक विशिष्ट दल भी दिखा है। अंतरराष्ट्रीय कुत्ता आयोग में इनकी मीटिंगें देख कर मुझे लगता है कि कोई भला कुत्ता मुझे भी खरीद कर पाल ही लेगा। इन कुत्तों के ऊंचे ओहदे हैं। कुछ मंत्री बने हुए हैं और कुछ अफसर! जब अच्छे-खासे नेता-मंत्री तक कुत्तों के हाथों पाले जाते हैं। खेल सहित खिलाड़ी भी कुत्तागर्दी में ढाले जाते हैं। कवि और लेखक भी पालतू बन गए हैं। नीति, नियम, संस्कृति, कायदे, सारे फालतू बन गए हैं। कला और संस्कृति भी पाल ली गई है। तब मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं कि कोई ढंग का कुत्ता आए और मुझे भी पाल ले। जब बड़े-बड़े इंसानों के गले में पट्टे बंधे देखता हूं और उन्हें कुत्ते अपने हाथ में रस्सी पकड़ कर चलते दिखाई देते हैं, तो मेरा मन उछल रहा है कि अब मैं भी किसी न किसी कुत्ते का पालतू बन ही जाऊं। अर्थात कुत्ते को अपना मालिक बना ही लूं। कुत्ता मुझे पालेगा तो बड़ा अच्छा रहेगा। वह मुझे नदी किनारे घुमाने ले जाएगा। सैर कराएगा। किसी शॉपिंग मॉल में ले जाकर ढेर सारे गिफ्ट दिलाएगा। मुझे ढंग से पेशाब करवाने ले जाएगा। ऐसे कुत्ते की मुझे तलाश है।

ऐसे अशिष्ट-वान शिष्ट कुत्ते किसी सरकारी कार्यालय में होंगे या फिर किसी सियासी पार्टी के दलदल में! भारत में होंगे या अमेरिका में! या फिर लंदन में! लंदन की टेम्स नदी के किनारे घूमने का मजा ही कुछ और है! सुंदर सी मुलायम गोरी कुतिया आएगी और मुझे खरीद कर ले जाएगी। मुझे नरम-नरम हाथों से सहलाएगी। क्या हसीन ख्वाब है! हे कुत्ते भाइयो! आप जल्दी आ जाइए। मैं बिकने को तैयार हूं। कल को कोई गधा खरीद लेगा, तो फिर मुझे कुछ मत कहना। पिछवाड़े का एक चमगादड़ भी उल्टा लटक कर मुझे खरीदने के लिए तैयार बैठा है। संसद भवन के पीपल वाले पेड़ पर बैठे उल्लू ने मुझे पालने-खरीदने का ऑफर दे दिया है। मैं पता नहीं कब, कैसे, किसके हाथों बिक जाऊं; किस पार्टी का पट्टा गले में लटकाऊं; पता नहीं कब किसका हो जाऊं; जाने किस दलदल में खो जाऊं; ये खुद मुझे मालूम नहीं है। बड़े लुभावने ऑफर आ रहे हैं मेरे सामने! चारों और बिके हुए लोगों को देखता हूं, तब मैं अनबिका कैसे रह सकता हूं? किसी के गले में कौन सी पार्टी का पट्टा! किसी की पूंछ में कौन सी पार्टी का झंडा! कुछ कहा नहीं जा सकता! बढ़िया होगा कि मुझे कोई खरीद ले। मुझे एक अच्छा-खासा पट्टा पहना दे, ताकि मैं उसकी परिक्रमा करते हुए, उसके चरणों को चाटता-चूमता रहूं। मालिक के रात कहने पर दिन को रात कहूं। मालिक की बातों में ही बहूं।

फालतू दिमाग से बोझिल न रहूं। चाटूं और पूंछ खिलाऊं! बस इसी मंत्र का फूल खिलाऊं! पूंछ हिलाने व चरण चाटने के बदले गाड़ी, कोठी, नौकर, चाकर के साथ प्यारी सी मालकिन! वाह! जल्दी आ जाइए कुत्ते भाई! आइए और मुझे खरीद कर ले जाइए!

ममता बनर्जी का बयानः जेंडर को लेकर असंवेदनशीलता

ललित

पश्चिम बंगाल के नादिया में हुई बलात्कार की घटना इन दिनों सुर्खियों में है। नादिया में एक 14 साल की नाबालिग लड़की जो खून से लथपथ सड़क पर मिली, जिसे पुलिस ने नहीं बल्कि किसी और ने घर पहुंचाया और बाद में उसकी मौत हो गई। मामला प्रकाश में आने के बाद इस पर खूब हो-हल्ला मचा। लेकिन इन सबके बीच पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस मामले में आया बयान सभ्य समाज की गर्दन झुका देता है। ममता बनर्जी का सार्वजनिक बयान निंदनीय है और महिला होने के नाते शर्मनाक भी है। यह बंगाल के नादिया जिले का हादसा है। कुछ लोग इसे सामूहिक बलात्कार कह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि रेप हुआ या लव अफेयर के कारण लड़की गर्भवती हुई? मैं एक कपल को रिलेशनशिप में जाने से कैसे रोक सकती हूं? मुझे जो बताया गया, वह लव अफेयर था! मुख्यमंत्री बिना जांच के ही निष्कर्ष पर पहुंच गई कि वह बलात्कार नहीं, लव अफेयर था! लेकिन दीदी ये भूल गईं कि अफेयर के दौरान भी युवती को प्रग्नेंट कर देना रेप की श्रेणी में ही आएगा। यह भारतीय कानून में है। और सीएम ममता ये भी भूल गईं कि जिसके रेप के बाद मौत हो गई वो नाबालिग बच्ची थी मात्र 14 साल...। ममता के बयान पर 2012 में सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की पीड़िता निर्भया की मां ने जवाब दिया है। निर्भया की मां ने कहा कि अगर ममता बनर्जी इतनी असंवेदनशील हैं तो फिर उन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहने का कोई हक नहीं है। निर्भया की मां ने कहा कि, वह सीएम पद के लायक नहीं हैं, अगर वह एक पीड़िता के बारे में इस प्रकार का बयान देती हैं। निर्भया की मां ने कहा कि, श्अगर एक महिला होते हुए भी वह इस प्रकार का बयान देती हैं तो फिर यह उनके पद को शोभा नहीं देता है, जिस पर वह बैठी हैं। बलात्कार को लेकर ओछी बात हो या महिला विरोधी बयान, महिलाओं पर अभद्र टिप्पियां करने वाले नेताओं में हर पार्टी के लोग शामिल हैं और महिलाओं पर विवादित बयानों की ये फेहरिस्त लंबी है.. मसलन मुलायम सिंह का बलात्कार पर बयान कि श्लड़कों से गलती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सजा नहीं देना चाहिए कभी-कभी फंसाने के लिए भी लड़कों पर ऐसे आरोप लगा दिए जाते हैं। या सांसद साक्षी महाराज की टिप्पणी कि हिंदू महिलाओं को अपने धर्म की रक्षा करने के लिए कम से कम चार बच्चे पैदा करने चाहिए। इससे पहले मुलायम की तरह बिहार की राजनीति का बड़ा चेहरा और वर्तमान में एलजेडी नेता शरद यादव भी अपने बयानों से चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने एक बार कहा था, वोट की इज्जत आपकी बेटी की इज्जत से ज्यादा बड़ी होती है। अगर बेटी की इज्जत गई तो सिर्फ गांव और मोहल्ले की इज्जत जाएगी लेकिन अगर वोट एक बार बिक गया तो देश और सूबे की इज्जत चली जाएगी। वहीं टीएमसी नेता चिरंजीत चक्रवर्ती भी रेप को लेकर आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। उन्होंने एक बार कहा था, रेप के लिए कुछ हद तक लड़कियां भी जिम्मेदार हैं। उनकी स्कर्ट दिन पर दिन छोटी होती जा रही है। बीते साल कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर और कांग्रेस विधायक रमेश कुमार का महिलाओं पर दिया शर्मनाक बयान शायद ही कोई भूला हो। रमेश कुमार ने सदन में चर्चा के दौरान स्पीकर से कहा था कि जब बलात्कार होना ही है, तो लेटो और मजे करो। इससे भी ज्यादा शर्म की बात यह थी कि जब रमेश कुमार यह बोल रहे थे तब स्पीकर भी कार्रवाई के बजाय हंसते नजर आए थे। ऐसे बयानों के बावजूद अक्सर ये राजनेता हल्की फुल्की फटकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नजर आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश और साथ ही ये संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना सामान्य बात है। हालांकि ये बात आम और खास से कहीं ऊपर एक महिला के अस्तित्व से जुड़ी हुई है। जेंडर को लेकर राजनीति से इस तरह की असंवेदनशीलता रहेगी, देश में कुछ भी बदलने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

तब अखंड भारत, अब आर्यावर्त

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा हरिद्वार के एक समारोह में उठा दिया है, आजकल कोई जिसका नाम भी नहीं लेता। न तो कोई राजनीतिक दल, न कोई सरकार और न ही कोई नेता अखंड भारत की बात करता है। मोहनजी का कहना है कि अखंड भारत का यह स्वप्न अगले 15 साल में पूरा हो सकता है। ऐसा हो जाए तो क्या कहने? जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुआ, वह सरकारों और नेताओं के भरोसे अगले 15 साल में कैसे हो सकता है? सबसे पहली बात तो यह है कि नेताओं को इस मुद्दे की समझ होनी चाहिए। दूसरी बात यह कि उनमें इसे ठोस रूप देने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मेरी विनम्र राय है कि यह काम सरकारों से कहीं बेहतर वे गैरसरकारी संस्थाएं कर सकती हैं, जो सर्वसमावेशी हों।

1945-50 के दिनों में गुरु गोलवलकर ने अखंड भारत और डॉ. राममनोहर लोहिया ने भारत-पाक एका का नारा दिया था। उस समय के लिए ये दोनों नारे ठीक थे लेकिन आज के दिन इन दोनों नारों के क्षेत्र को बहुत फैलाने की जरूरत है। ये दोनों नारे उस समय के अंग्रेजों के भारत के बारे में थे लेकिन 50-55 साल पहले जब 15-20 पड़ोसी देशों में मुझे जाने और रहने को मिला तो मुझे लगा कि हमें महर्षि दयानंद के सपनों का आर्यावर्त खड़ा करना चाहिए। इस आर्यावर्त की सीमाएं अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टप (तिब्बत) से मालदीव तक होनी चाहिए। इनमें मध्य एशिया के पांच गणतंत्रों और मारिशस को जोड़ लें तो यह 16 देशों का विशाल संगठन बन सकता है। बाद में इसमें थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात को भी जोड़ा जा सकता है। यह दक्षेस (सार्क) के आठ देशों से दोगुना है। सोलह देशों के इस संगठन का नाम जन-दक्षेस है। दक्षेस सरकारों का संगठन है। पिछले 7-8 साल से यह ठप्प पड़ा हुआ है।

मेहुली घोष ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ट्रायल जीता

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराकर महिलाओं की दस मीटर

एयर राइफल टी-3 (तीसरा ट्रायल) जीता। मेहुली ने स्वर्ण पदक का मुकाबला 16 . 8 से जीता। ओलिम्पियन इलावेनिल वालारिवन को कांस्य पदक मिला जो गुजरात के लिये खेलती हैं। मेहुली क्वालीफिकेशन दौर में छठे स्थान पर थी जबकि तिलोत्तमा सातवें स्थान पर थी।

अंतिम आठ चरण में मेहुली शीर्ष पर और तिलोत्तमा दूसरे स्थान पर रही जबकि इलावेनिल तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में हिमाचल प्रदेश की जीना खिट्टा ने हरियाणा की रमिता को हराकर स्वर्ण जीता। युवा वर्ग में हरियाणा की नैनसी ने महाराष्ट्र की ईशान टकसाले को हराया।

फागरनेस इंटरनेशनल शतरंज - अर्जुन एरिगासी समेत 4 भारतीय सयुंक्त बढ़त पर

मफागरनेस , नॉर्वे। फागरनेस इंटरनेशनल शतरंज 2022 में इस समय 71 ग्रांड मास्टर समेत दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुक़ाबले देखने को मिल रहे है पर खासतौर पर भारत के शीर्ष 15 के कई खिलाड़ी अभी अपनी रेटिंग को बढ़ाकर आगामी शतरंज ओलंपियाड में अपनी जगह बनाने में लगे हुए है । प्रतियोगिता में अब तक छह राउंड खेले जा चुके है और फिलहाल टॉप सीड भारत के अर्जुन एरिगासी, निहाल सरीन, कृष्णन शशिकिरण और आर्यन चोपड़ा 4.5 अंक बनाकर 7 अन्य खिलाड़ियों के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है ।

छठे राउंड में पहले बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी नें नॉर्वे के ओलसन उरकेडल से बाजी ड्रॉ खेली जबकि पांचवें बोर्ड पर कृष्णन शशिकिरण नें नॉर्वे के फ्रेडरिक कासेन को ,छठे बोर्ड पर निहाल सरीन नें कजाकिस्तान की अब्दुमालिक ज़्हंसाया को तो सातवें बोर्ड पर आर्यन चोपड़ा नें नॉर्वे के अब्दुलरौफ एलहम को पराजित करते हुए सयुंक्त बढ़त में जगह बनाई वही आठवे बोर्ड पर एसपी सेथुरमन नें नॉर्वे के आन्द्रेस होबर को पराजित करते हुए 4 अंक बना लिए है । फिलहाल भारत के अर्जुन एरिगासी 2678 रेटिंग के साथ लगभग भारत की ए टीम के लिए जगह बना चुके है जबकि निहाल और शशिकिरण को आनंद के नहीं खेलने की स्थिति में मौका मिल सकता है और फिलहाल निहाल इस दौड़ में 2 अंको से आगे चल रहे है । 9 राउंड के इस टूर्नामेंट का अंतिम राउंड 17 अप्रैल को खेला जाएगा।

नितीश राणा का धमाकेदार सिक्सर शॉट, सनराइजर्स हैदराबाद के डगआउट में रखा फ्रिज तोड़ा

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज नितीश राणा सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में केन विलियमसन की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के लगाकर 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। राणा की पारी काम नहीं आई और टीम को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन राणा ने अपनी बल्लेबाजी के दौरान सनराइजर्स के डगआउट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के निशान जरूर छोड़े। उन्होंने उमरान मलिक की गेंद पर एक बड़ा छक्का लगाया जिससे सनराइजर्स के डगआउट में रखा रेफ्रिजरेटर का गिलास टूट गया। यह पहली बार नहीं है जब राणा ने डगआउट में कुछ तोड़ा हो। पिछले सीजन में भी उन्होंने कैमरे का लेंस तोड़ा था। यह घटना 13वें ओवर की पहली गेंद पर हुई, जब उमरान मलिक नीतीश राणा को गेंद डालने के लिए आए। सनराइजर्स के के तेज गेंदबाज ने यॉर्कर का प्रयास करते हुए अपनी लंबाई चूकने की कीमत चुकाई और राणा ने गेंद को फ्लैट-सिक्स के लिए खेला जो सीधे सनराइजर्स के डगआउट की ओर गया और गेंद वहां रखे एक रेफ्रिजरेटर पर लगी।

हैदराबाद ने केकेआर को 7 विकेट से हराया

मुंबई। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2022 का 25वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जा रहा है। सनराईजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कोलकाता ने नितिश राणा की अर्धशतकीय पारी के बदौलत हैदराबाद को 176 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने आई हैदराबाद की टीम ने राहुल त्रिपाठी और एडेन मारक्रम की अर्धशतकीय पारी के बदौलत हैदराबाद ने 17.5 ओवर में ही 176 रन बना लिए और 7 विकेट से मैच जीत लिया।

कोलकाता नाइट राइडर्स (पहली पारी)

कोलकाता ने प्लेइंग-11 में बड़ा बदलाव करते हुए ओपनिंग पर वेंकटेश अय्यर के साथ एरोन फिंच को भेजा। फिंच ने एक छक्का जरूर लगाया लेकिन 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

11 रन पर पहली विकेट गंवाने के बाद कोलकाता को नटराजन ने एक ही ओवर में दो झटके दिए। नटराजन ने पहले अय्यर (6) को बोल्ड किया फिर सुनील नेरेन (6) को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

कप्तान श्रेयस अय्यर ने पारी को कुछ हद तक संभाला। उन्होंने 25 गेंदों में 28 रन बनाए थे जब हैदराबाद के तेजतर्रार गेंदबाज उमरान मलिक की एक यॉर्कर उनका स्टंप ले उड़ी।

उमरान मलिक ने अपना दूसरा शिकार शेल्डन जैक्सन को बनाया। जैक्सन 7 गेंदों पर 7 रन बनाकर आउट हो गए।

शेल्डन जेक्सन के बाद नितिश राणा भी लय बरकरार नहीं

रख पाए। उन्हें नटराजन ने पवेलियन की राह दिखाई। तब तक नितिश ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाए।

इसके बाद पैट कमिंस को भुवनेश्वर कुमार ने आउट करके हैदराबाद को 7वीं सफलता दिलाई। कमिंस 3 रन बनाकर आउट हुए। इसके सुचिथ ने अमन खान को 5 रन पर आउट करके कोलकाता को 8वां झटका।

आंद्रे रसल ने 25 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 49 रन की पारी खेली और टीम के स्कोर को 175 रन तक पहुंचाया।

सनराईजर्स हैदराबाद (दूसरी पारी)

लक्ष्य का पीछा करने आई हैदराबाद टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा के रूप में पहला विकेट गिरा। अभिषेक शर्मा को पैट कमिंस ने 3 रन पर चलता किया।

आईपीएल में अपना 2 हजार रन पूरा करने के बाद हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन भी चलते बने। विलियमसन को आंद्रे रसल ने 17 रन पर आउट करके टीम को दूसरी सफलता दिलाई।

39 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद राहुल त्रिपाठी ने ऐडन मार्करम के साथ पारी को संभाला। त्रिपाठी इस दौरान पूरी लय में दिखी। उन्होंने 37 गेंदों में चार चौके और छह छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। उन्हें रसेल ने वेंकटेश के हाथों कैच आऊट कराया।

त्रिपाठी के आऊट होने के बाद मार्करम ने मोर्चा संभालते हुए 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पांच चौके और दो छक्के लगाए थे। एडेन मारक्रम की अर्धशतकीय पारी के बदौलत हैदराबाद ने इस मैच को 17.5 गेंद में ही 7 विकेट से जीत लिया। मारक्रम ने 36 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्के की मदद से नाबाद 68 रन की पारी खेली।

बिली जीन किंग कप में भारत की इंडोनेशिया पर 2-1 से जीत

अंताल्या। भारतीय महिला टेनिस टीम ने लगातार दो हार झेलने के बाद इंडोनेशिया को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में पहली जीत दर्ज की है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रुतुजा भोसले ने गुरुवार को पहले एकल मैच में 1-0 की शुरुआती बढ़त बनाई और फिर इंडोनेशिया की बीट्राइस गुमुल्या को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हरा दिया।

दूसरे मैच में भारत की शीर्ष रैंकिंग महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने एल्डिला सुतजियादी पर 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और भारत को इंडोनेशिया पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। फिर आखिरी युगल मुकाबले में रिया भाटिया और सौम्या बाविसेट्टी की भारतीय जोड़ी को जेसी रोम्पीज और एल्डिला सुतजियादी से तीन सेटों के संघर्ष में 6-4, 7(9)-6(7), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारत को अपने पहले दो मुकाबलों में चीन और जापान के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इंडोनेशिया पर जीत के साथ भारत 3 मैचों में एक जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। जापान और चीन अपने तीनों मुकाबलों में जीत के साथ शीर्ष पर हैं। इंडोनेशिया और न्यूजीलैंड क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं, जिनके पास तीन टाय में कोई जीत नहीं है। ग्रुप एक की शीर्ष 2 टीमें प्ले-ऑफ में जाएंगी और नीचे की 2 टीमों को एशिया-ओशिनिया ग्रुप दो में भेजा जाएगा।

अल जजीरा ने एएफसी चैंपियन्स लीग में मुंबई सिटी को 1-0 से हराया

रियाद। अली मबखोत के पेनल्टी पर किए गए गोल के कारण मुंबई सिटी को एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप बी के मैच में अल जजीरा से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुंबई की तीन मैचों में दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में अल शबाद से 0-3 से हार गया था। मबखोत के 40वें मिनट में किए गए गोल ने दोनों टीम के बीच अंतर पैदा किया जिससे अल जजीरा गुरुवार को किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में तीन अंक हासिल करने में सफल रहा। संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल जजीरा ने पहले हॉफ में दबदबा बनाए रखा। इस बीच उसने गेंद पर 70 प्रतिशत कब्जा रखा था लेकिन वह गोल करने का वास्तविक मौका नहीं बना पाया। मुंबई ने इस बीच जवाबी हमले करने पर ही ध्यान दिया। मुंबई को शुरू में झटका लगा जबकि डिफेंडर अमय रनावडे नौवें मिनट

में चोटिल हो गए जिनकी जगह मेहताब सिंह को उतारा गया।

मेहताब की गलती के कारण ही मुंबई ने पेनल्टी गंवाई। मबखोत ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। मुंबई सिटी ने बुधवार को इराक के एयर फोर्स क्लब को 2-1 से हराकर इतिहास रचा था। वह इस शीर्ष स्तर के महाद्वीपीय क्लब लीग के किसी मैच में जीत दर्ज करने वाला पहला भारतीय क्लब बना था।

युवराज सिंह संधू ने जीती पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के युवराज सिंह संधू ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में खिताब जीत लिया। अपने घरेलू गोल्फ कोर्स पर खेलते हुए युवराज (70-67-65-69) ने 5 महीनों में तीसरा खिताब जीता। 25 वर्षीय युवराज का इस सत्र में यह दूसरा खिताब है। इस जीत से उन्हें 8,08,250 रुपये की पुरस्कार राशि मिली और पीजीटीआई आर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

कल संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे बांग्लादेश के मोहम्मद जमाल हुसैन मुल्ला (67-66-69-70) आखिरी राउंड में 15 फ़ीट की दूरी से बर्डी मारने से चूक गए और उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उनका कुल स्कोर 16 अंडर 272 रहा। चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने आखिरी राउंड में 65 का कार्ड खेला और 15 अंडर 273 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

गुरुग्राम के कार्तिक शर्मा (72) 13-अंडर 275 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे।

हरभजन सिंह का बड़ा ऐलान, इस नेक काम में उपयोग करेंगे राज्यसभा की सैलेरी

मुंबई। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) की तरफ से पंजाब में राज्यसभा सांसद की सीट जीतने के बाद अब नई पहल शुरू की है। उन्होंने किसानों की बेटियों की पढ़ाई और सामाजिक कामों के लिए अपनी राज्यसभा की सैलेरी देने का ऐलान किया है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए साझा की है।

हरभजन ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'बतौर राज्यसभा सदस्य, मैं किसानों की बेटियों की पढ़ाई और सामाजिक कामों के लिए अपनी राज्यसभा की सैलेरी देना चाहता हूं। मैं अपने देश को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहता हूं और मैं वह सब कुछ करूंगा, जो मैं कर सकता हूं। जय हिंद' गौर हो कि हरभजन ने पिछले साल दिसंबर में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की थी। इसके बाद उनके कांग्रेस और बीजेपी में शामिल होने की अटकलें भी लगाई गई लेकिन उन्होंने आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया और राज्यसभा सांसद बने। हरभजन 2007 टी20 विश्व कप और 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं और इस समय आईपीएल 2022 की कमेंट्री कर रहे हैं।

भारत ने लगातार दूसरी बार जर्मनी को रौंदा, 3-1 से दी मात

भुवनेश्वर। फॉरवर्ड सुखजीत सिंह, अभिषेक और डिफेंडर वरुण कुमार के शानदार गोलों की बदौलत भारत ने यहां 2021-22 पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जर्मनी को लगातार दूसरी बार हरा दिया। भारत ने दुनिया की नंबर छह टीम जर्मनी को यहां भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में प्रो लीग मैच में 3-1 से हरा कर 2021-22 प्रो लीग के अपने घरेलू चरण अभियान का शानदार समापन किया। भारत की ओर से सुखजीत (19), वरुण (41) और अभिषेक (54) गोल स्कोरर रहे। मैच बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने शुरुआत से ही अटैक और डिफेंस में परिपक्वता दिखाई। भारत हालांकि फिर से जर्मनी पर भारी पड़ा।

पहला क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद जर्मनी पर दबाव तब बढ़ा, जब 19वें मिनट में सुखजीत ने शानदार फील्ड गोल

दाग कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद हालांकि मैच की तीव्रता और बढ़ गई। परिणामस्वरूप तीसरे क्वार्टर की समाप्ति के चार मिनट पहले तक गोल का सूखा रहा, लेकिन फिर भारत पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करने में सफल हुआ और वरुण इसे गोल में तब्दील करने से नहीं चूके।इसी के साथ भारत ने 2-0 की बढ़त बना कर जर्मनी पर दबाव और बढ़ा दिया, हालांकि जर्मनी ने पलटवार करते हुए 45वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर 2-1 के स्कोर के साथ तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। यह गोल मिडफील्डर एंटोन बोएकेल के नाम रहा। चौथे और आखिरी क्वार्टर में भारत ने जहां बढ़त को बढ़ाने की कोशिश की, वहीं जर्मनी ने स्कोर को बराबर लाने के लिए मशक्कत की। दोनों टीमों की ओर से इस क्वार्टर में कड़ी स्पर्धा देखने को मिली, लेकिन अंततः भारत 54वें मिनट में स्कोर करने में कामयाब रहा।

युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने शानदार फील्ड दागते हुए भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने फिर अंत तक यह बढ़त बनाए रखी और मुकाबला जीत लिया। उल्लेखनीय है कि इससे भारत ने गुरुवार को यहां जर्मनी को 3-0 से एकतरफा अंदाज में हराया था। टीम के उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह दो गोल दाग कर कल के हीरो रहे थे।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस जीत के साथ तीन और अंक लेकर कुल 27 अंकों के साथ प्रो लीग अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। भारत ने 12 में से आठ मैचों में सीधी जीत और एक मुकाबला शूटआउट में जीता है, जबकि दो सीधी हार और एक मैच शूटआउट में हारा है। वहीं जर्मनी 10 मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ 17 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

सुरेश रैना की सीएसके में हो सकती है वापसी, चाहर के बाहर होने के बाद बातचीत जारी!

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2022 में अब तक का सफर कुछ खास नहीं रहा है। टीम को पांच मैचों में से सिर्फ एक में जीत मिली है और हाल ही में दीपक चाहर को इंजरी के कारण टूर्नामेंट से एक भी मैच खेले बिना बाहर होना पड़ा है। चाहर को सीएसके ने 14 करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया था। वहीं अब ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि मिस्टर आईपीएल सुरेश रैना की सीएसके में वापसी हो सकती है।

रैना आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। उनका बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए था और अन्य टीमों के अलावा उनकी अपनी टीम सीएसके ने भी रैना पर दांव नहीं लगाया था। अब उन्हें दीपक चाहर के विकल्प के तौर पर सीएसके में शामिल करने की अफवाहें गर्म हैं। एक प्रमुख समाचार पत्र ने एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि रैना से आईपीएल 2022 के लिए सीएसके में शामिल होने को लेकर बातचीत जारी है। हालांकि इस पर कोई भी पुष्टि नहीं की गई है कि ये बातचीत कहां तक पहुंची है और रैना को टीम कब तक शामिल किया जाएगा। हालांकि अभी तक इस मामले पर कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान इस गेंदबाजी आलराउंडर के पैर में चोट लगी थी और उन्हें अपना स्पैल पूरा किए बगैर मैदान से बाहर जाना पड़ा था। चाहर इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे।सुपर किंग्स ने हमेशा से दावा किया कि नीलामी में 14 करोड़ रुपए में खरीदे गए चाहर अप्रैल के दूसरे हफ्ते से पहले फिट हो जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सूत्रों ने अनुसार भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के इस तेज गेंदबाज को बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन के दौरान चोट लगी थी। चाहर एक महीने से अधिक समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। गौर हो कि रैना आईपीएल में सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 205 मैचों की 200 इनिंग्स में बल्लेबाजी करते हुए 32.52 की औसत से कुल 5528 रन बनाए हैं।

आईपीएल 2022 के 25 मैच पूरे : जानें कौन-सी टीम है छक्के लगाने में सबसे ऊपर

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 25 मैच पूरे हो गए। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला गया था जिसे हैदराबाद ने आसानी से जीत लिया। मैच के दौरान हैदराबाद के राहुल त्रिपाठी और ऐडन मार्करम ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए थे। आइए अब आपको बताते हैं कि 25 मैच पूरे होने के बाद कौन सी टीम चौके-छक्के लगाने में सबसे ऊपर चल रही है।

ऐसी है पूरी लिस्ट

चेन्नई : चौके 71, छक्के 38
कोलकाता : चौके 76, छक्के 47

दिल्ली : चौके 69, छक्के 25
मुंबई : चौके 68, छक्के 44
पंजाब : चौके 66, छक्के 51
बेंगलुरु : चौके 67, छक्के 37
गुजरात : चौके 92, छक्के 23
लखनऊ : चौके 73, छक्के 31
हैदराबाद : चौके 61, छक्के 34
राजस्थान : चौके 60, छक्के 53

सबसे ज्यादा रन

272 जोस बटलर, राजस्थान
228 हार्दिक पांड्या, गुजरात
207 शिवम दुबे, चेन्नई
200 शुभमन गिल, गुजरात

197 शिखर धवन, पंजाब

सबसे ज्यादा विकेट

12 युजवेंद्र चहल, राजस्थान
11 टी नटराजन, हैदराबाद
10 उमेश यादव, कोलकाता
10 कुलदीप यादव, दिल्ली
10 वानिंदु हसरंगा, बेंगलुरु

रूस-यूक्रेन युद्ध : बाइडन के यूक्रेन जाने की अटकलों पर लगा विराम

कीव। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के यूक्रेन जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की यूक्रेन दौरे पर जाने की अभी कोई योजना नहीं है। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए यूरोपीय देशों के कई नेता यूक्रेन पहुंच चुके हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का है। जॉनसन के दौरे के बाद बाइडन के भी कीव जाने की अटकलें थीं। आइये जानते हैं अब तक कौन-कौन से देशों के नेता यूक्रेन को समर्थन देने कीव पहुंचे हैं। 15 मार्च को युद्ध के बीच पहली बार किसी देश का नेता यूक्रेन पहुंचा था। उस वक्त पोलैंड, चेक रिपब्लिक और स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे थे। यहां इन नेताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रेन से कीव पहुंचे तीनों प्रधानमंत्रियों ने इस दौरान यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्यमीहल और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक करके हालात का जायजा लिया था। पोलैंड के प्रधानमंत्री मतेउस मोरावेस्की के साथ पोलैंड की पॉपुलिस्ट राइट विंग लॉ एंड जस्टिस पार्टी के नेता और उप प्रधानमंत्री यरोस्लाव काटरेस्की भी कीव पहुंचे थे। नौ अप्रैल को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यहां उन्होंने यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करने की बात कही। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत के बाद उन्होंने यूक्रेन को 120 बख्तरबंद गाड़ियों के साथ नया एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम देने का भी एलान किया था। 12 अप्रैल को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस मुद्दे पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से करीब 45 मिनट बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन को मदद जारी रखने की बात कही।

बांग्लादेश में मानवाधिकार हननः हसीना सरकार ने अमेरिका को आईना दिखाया तो विपक्ष ने सरकार को

ढ़ाका। मानव अधिकारों की स्थिति के बारे में अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में आलोचना से विचलित बांग्लादेश सरकार ने अमेरिका पर अपना जवाबी हमला तेज कर दिया है। वहीं, इस मुद्दे पर देश के अंदर राजनीतिक मतभेद पैदा हो गए हैं। विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने अमेरिकी रिपोर्ट का स्वागत करते हुए शेख हसीना सरकार से कहा है कि वह अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड पर गौर करे।

बांग्लादेश सरकार की तरफ से पहले कहा गया था कि अमेरिकी रिपोर्ट पर अपना विस्तृत जवाब वह रविवार को देगी, लेकिन गुरुवार को सूचना एवं प्रसार मंत्री डॉ. हसन महमूद ने अमेरिका में होने वाले मानवाधिकार हनन की लिस्ट पेश करते हुए दावा किया कि इस मामले में बांग्लादेश का रिकॉर्ड अमेरिका से बेहतर है। महमूद ने कहा- 'हमारी राय है कि बांग्लादेश के बारे में सूचना कुछ खास स्रोतों से इकट्ठी की गई। वे स्रोत एकतरफा हैं और उन्होंने एकतरफा नजरिए से ही सूचना उपलब्ध कराई है।'

मानवाधिकार संरक्षण के मामले में बांग्लादेश का रिकॉर्ड अमेरिका से बेहतर होने का दावा करते हुए महमूद ने कहा कि बांग्लादेश में ग्वांतेनामो-बे जैसी कोई जेल नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्वांतेनामो-बे जेल में रखे गए कैदियों को अकथनीय यातना दी गई थी। उन्होंने कहा कि निर्दोष ब्लैक नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड का अमेरिकी पुलिस अधिकारी ने गला घोंट कर हत्या कर दी थी। महमूद ने कहा- 'अमेरिकी संसद भवन में चार लोग मारे गए थे। ऐसी घटनाएं बांग्लादेश में कभी नहीं हुई।'

अमेरिका पर भी मंडराने लगा कोरोना महामारी की नई लहर का खतरा, तेजी से बढ़ रहे बीए.2 संक्रमित

वाशिंगटन। दो महीनों की राहत के बाद अमेरिका पर कोरोना महामारी का साया फिर गहरा गया है। देश में कोविड-19 से संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खास कर देश के उत्तर-पूर्वी इलाकों में ऐसा देखने को मिला है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस समय सबसे ज्यादा संक्रमण कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट के नए उप-संस्करण बीए.2 के कारण फैल रहा है। विशेषज्ञों ने कहा है कि ये सब-वैरिएंट अब अमेरिका में फैल चुका है। अब देखने की बात सिर्फ यह है कि इसका कुल असर कैसा रहता है। ह्वाइट हाउस के कोविड-19 रिस्पॉन्स कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ. आशीष झा ने एक टीवी शो में कहा- 'हमें बहुत सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन अभी ऐसी स्थिति नहीं हैं कि हम अत्यधिक चिंताग्रस्त हो जाएं।' डॉ. झा ने कहा कि फिलहाल संक्रमण ग्रस्त लोगों की संख्या कम है। जो लोग संक्रमण ग्रस्त हुए हैं, उनके बीच जिन लोगों को अस्पताल जाने की जरूरत पड़ी है, उनकी संख्या और भी कम है। वेबसाइट एक्सियोस.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक दो हफ्ते पहले की तुलना में अमेरिका में संक्रमण की दर तेजी से बढ़ी है। दो हफ्ते अमेरिका में रोज संक्रमण के औसतन 28 हजार नए मामले सामने आ रहे थे। इस बुधवार को 42 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए।

अमेरिकी सांसदों के ताइवान दौरे से चिढ़ा चीन, धमकाने के लिए सैन्य अभ्यास किया शुरू

ताइपे। अमेरिकी सांसदों के ताइवान दौरे से चिढ़े चीन ने सैन्य अभ्यास किया। चीन ने कहा है कि ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग करने की अपनी धमकी पर जोर देने के मकसद से उसकी सेना ने यह अभ्यास किया है। वहीं ताइवान के दौरे पर आए अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने चीन को चेतावनी जारी करते हुए स्व-शासित द्वीप में लोकतंत्र के लिए अपने समर्थन की सार्वजनिक घोषणा की। अमेरिका के छह सांसदों ने सुबह ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन से मुलाकात की। सांसदों का ताइवान के रक्षा मंत्री से भी मिलने का कार्यक्रम है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि ताइवान के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमान द्वारा आयोजित सैन्य अभ्यास 'अमेरिका के हालिया नकारात्मक कार्यों के लिए जवाबी कार्रवाई है, जिनमें सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल की ताइवान यात्रा भी शामिल है।' झाओ ने कहा, 'चीन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाता रहेगा।' चीन विदेशी सरकारों और ताइवान की सरकार

के बीच किसी भी आधिकारिक आदान-प्रदान के खिलाफ है तथा उसका दावा है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है, न कि कोई स्वतंत्र देश।

1949 में गृहयुद्ध के बाद चीन और ताइवान अलग हो गए थे। पूर्वी थिएटर कमान ने एक बयान में सैन्य अभ्यास को 'ताइवान जलडमरूमध्य में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा करने की आवश्यकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई' बताया। बयान में कहा गया है, 'ताइवान चीनी क्षेत्र का अविभाज्य हिस्सा है। ताइवान के मुद्दे पर किसी भी विदेशी हस्तक्षेप के लिए कोई जगह नहीं है।' ताइवान की राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी सांसदों की यात्रा का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे अमेरिका-ताइवान सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने में मदद मिलेगी।उनहोंने कहा, ''यूक्रेन पर रूसी हमले ने साबित कर दिया है कि लोकतंत्रों को अपने गठबंधनों को मजबूत बनाना चाहिए और सामूहिक रूप से हम उन निरंकुश देशों द्वारा उत्पन्न खतरों से अपना बचाव कर सकते हैं जो क्षेत्रीय शांति को बाधित करना चाहते हैं।' उल्लेखनीय है कि अमेरिका लोकतांत्रिक द्वीप ताइवान का सबसे बड़ा अनौपचारिक सहयोगी है और उसने पिछले वर्षों में ताइवान को हथियारों की बिक्री बढ़ा दी है।

अमेरिका के कंसास में गोलीबारी में 3 पुलिस अधिकारी घायल, संदिग्ध की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के मध्य कंसास में हुई गोलीबारी में शेरिफ (काउंटी स्तर का कानून प्रवर्तन अधिकारी) के तीन सहायक अधिकारी घायल हो गए और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कॉउले काउंटी के शेरिफ डेविड फालेटी ने बताया कि सहायक अधिकारी उत्तर विनफील्ड के राजमार्ग संख्या यूएस 77 पर संदिग्ध वाहन का पीछा कर रहे थे और जब उन्होंने वाहन को रोका तो उनके तीन सहायकों को गोली मारी गई।

फालेटी ने बताया कि घटनास्थल पर मिली कार में सिर्फ एक महिला थी, जो मृत मिली। उन्होंने बताया कि घायल सहायक अधिकारियों को विचिटा अस्पताल ले जाया गया है जहां

पर उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। शेरिफ ने कहा कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि गोलीबारी से पहले क्या हुआ। उन्होंने बताया कि विनफील्ड विचिटा से 58 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित है।

अमेरिका सरकार ने 1900वीं सदी के बाद पहली बार तेल रॉयल्टी दर बढ़ाई

वॉशिंगटन। अमेरिका के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि वह देश के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन में पहली बार देश में सार्वजनिक तेल और गैस खनन का पट्टा बेचने की ओर कदम बढ़ा रहा है लेकिन कंपनियों के लिए रॉयल्टी की दर बढ़ाई जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि अब नए पट्टे के लिए रॉयल्टी की दर को 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर कर 18.75 प्रतिशत कर दिया गया है। यह 50 प्रतिशत की वृद्धि है।

संघीय सरकार ने 1900 सदी की शुरुआत के बाद पहली बार रॉयल्टी की दरों में वृद्धि की है। उल्लेखनीय है कि बाइडन ने जनवरी 2021 में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के महज एक सप्ताह के बाद नए पट्टे जारी करने की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया था। बहरहाल, लुइसियाना के संघीय न्यायाधीश ने इसकी बिक्री बहाल करने का आदेश जारी करते हुए कहा था कि आंतरिक मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें रद्द करने के लिए कोई ''तार्किक जवाब' नहीं दिया है। गौरतलब है कि फैसला बाइडेन पर

अमेरिकी कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करने और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को कम करने को लेकर विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन द्वारा बनाए गए दबाव के बाद आया है क्योंकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पहले ही दबाव है।

पाकिस्तान में दो आतंकी हमलों में मारे गए 8 पाकिस्तानी सैनिक

पेशावरः पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में दो आतंकी हमलों में कम से कम आठ सैनिक मारे गए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पहली घटना बृहस्पतिवार को उत्तरी वजीरिस्तान के कबाइली जिले में दाताखेल तहसील क्षेत्र में उस समय हुई जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया जिसमें सात सैनिक मारे गए।

अखबार ने कहा कि दूसरी घटना भी बृहस्पतिवार को हुई जिसमें संबंधित जिले के ईशाम क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में एक सैनिक मारा गया। खबर में एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया, ÷जहां तक ??पहले

हमले की बात है, आतंकवादियों ने अफगान सीमा के पास दाताखेल में सुरक्षाबलों के एक चलते वाहन पर हमला किया।

हमले में रॉकेट संचालित ग्रेनेड लांचर और असॉल्ट गन का इस्तेमाल किया गया। खबरों के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की लेकिन यह पता नहीं चल सका है कि इसमें कितने आतंकवादी हताहत हुए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने अभी तक घात लगाकर किए गए हमले की पुष्टि नहीं की है और औपचारिक बयान जारी नहीं किया है।

खबरों में कहा गया है कि जिले के ईशाम क्षेत्र में सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई जिसमें 28 वर्षीय एक सैनिक मारा गया।

अमेरिका में यूटा के सांसद ने 2020 राष्ट्रपति चुनाव परिणामों में की हेराफेरी की कोशिश

न्यूयार्कः यूटा से सांसद माइक ली ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों में उलटफेर करने का शुरुआत में प्रयास किया था और तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सत्ता में बनाए रखने के लिए कानूनी रूप से संदिग्ध योजनाओं को आगे बढ़ाने में भी मदद की थी, लेकिन बाद में वह इन कार्यों से पीछे हट गए थे।यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) में छह जनवरी, 2021 को हुई घातक हिंसा की जांच कर रही प्रतिनिधि सभा की समिति द्वारा प्राप्त लिखित संदेशों में उनके प्रयासों

का खुलासा हुआ। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद और व्हाइट हाउस के तत्कालीन चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज के बीच संदेश का आदान प्रदान हुआ था जिनसे पता चलता है कि कैसे ली ने ट्रम्प के शीर्ष सलाहकारों को रिपब्लिकन पार्टी की एक वकील सिडनी पॉवेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्होंने बाद में चुनाव में धांधली के निराधार दावों को प्रसारित किया।

ली और रिपब्लिकन पार्टी के टेक्सास से प्रतिनिधि चिप रॉय द्वारा मीडोज को भेजे गए संदेशों के अंश को 'CNN' ने प्रकाशित किया, जो दिखाते हैं कि ट्रम्प की सहायता के लिए ली के प्रयास सात नवंबर से शुरू हुए और इसमें पॉवेल के लिए शुरुआती समर्थन शामिल था।

श्रीलंका में ईंधन कटौती का ऐलान, अब राशन में ही मिलगा पेट्रोल-डीजल

कोलंबोः आजादी के बाद से श्रीलंका बेहद ही गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देश में बिजली संकट के साथ साथ पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत है। पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारों से लोगों में काफी नाराजगी है और विरोध- प्रदर्शन लगातार जारी है। श्रीलंकाई रुपए का मूल्य कम होने की वजह से जरुरी वस्तुओं की भारी कमी देखी जा रही है। इस बीच श्रीलंका की सरकारी पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने वाहनों को ईंधन देने

ईंधन ही भरा सकते हैं। इसी प्रकार, तीन पहिया वाहन एक बार में 1,500 रुपए का, कार, जीप और वैन पांच हजार रुपए तक का ईंधन खरीद सकते हैं। हालांकि, बस, लॉरी और वाणिज्यिक वाहनों अन्य दुपहिया वाहन एक बार में पेट्रोल पंप से एक हजार रुपये का को राशन व्यवस्था से अलग रखा गया है। गौरतलब है कि पेट्रोल पंप के सामने लंबी कतारों के बाद लोगों में गुस्सा देखने को मिला था। इसके साथ ही घरों में भी 12 घंटे की बिजली कटौती हो रही है और श्रीलंकाई रुपये का मूल्य कम होने की वजह से अन्य आवश्यक वास्तुओं की भारी कमी हो गई है।

इस बीच, राजधानी कोलंबो के गाले फेस पर चल रहा प्रदर्शन सातवें दिन में प्रवेश कर गया और हर बीतते दिन के साथ और युवा इससे जुड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शनकारी देश के आर्थिक संकट को ठीक से संभालने में कथित अकुशलता को लेकर राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के इस्तीफे तक सरकार से वार्ता करने से भी इंकार कर दिया है।

श्रीलंका में अब इतने रुपए का ही खरीद सकेंगे पेट्रोल-डीजल

बाइक	- 1000 रुपए
तिपहिया	- 1500 रुपए
कार/वैन/जीप	- 5000 रुपए

चीन में पांच साल तक बंदी बनाकर रखा लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता ताइवान लौटा

ताइपे। चीन में पांच साल तक बंदी रहा ताइवान का एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता सुबह ताइवान लौट आया। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। ली मिंग-चे को 2017 में चीनी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था और उन पर राज्य सत्ता के विरूद्ध विध्वसंक कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया था। चीन द्वारा 2016 में विदेशी गैर-सरकारी संगठनों पर नियंत्रण को कड़ा करने वाला कानून पारित करने के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी। ली ने ताइवान के लोकतंत्रीकरण पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया था और चीन में राजनीतिक बंदियों के परिवारों के लिए एक कोष का प्रबंधन किया था। वह पिछले पांच वर्षों से मध्य हुनान प्रांत की एक जेल में सजा काट रहे थे। ली सुबह दक्षिणी चीनी शहर जियामेन से विमान से

ताइवान लौटे। उनकी गिरफ्तारी तब हुई जब चीन और ताइवान के बीच संबंधों में खटास आ गई और द्वीप ने त्साई इंग-वेन को राष्ट्रपति चुना।

त्साई की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने ताइवान की औपचारिक स्वतंत्रता की वकालत की है। त्साई के सत्ता में आने के बाद चीन ने ताइवान की सरकार से संपर्क खत्म कर लिया और अब वह ताइवान के आसमान रोजाना अपने सैन्य विमान को भेजता है। चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है। चीन यह भी दावा करता है कि ताइवान के नागरिक भी चीनी हैं और उन्हें एक विशेष पहचान पत्र जारी करता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

इमरान खान ने तोशाखाना के 14 करोड़ रुपये मूल्य के कीमती तोहफे दुबई में बेचे : प्रधानमंत्री शहबाज का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान पर दुबई में 14 करोड़ रुपये के हीरे के आभूषण सहित मूल्यवान तोशाखाना उपहार बेच कर राष्ट्रीय खजाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। देश के कानून के अनुसार विदेशी राष्ट्र के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त किसी भी उपहार को देश के तोशाखाना (सरकारी कोषागार) में रखना चाहिए। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक, शहबाज ने यहां प्रधानमंत्री आवास में वरिष्ठ पत्रकारों के साथ बैठक के दौरान यह दावा किया। उन्होंने कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि इमरान खान ने तोशाखाना से उपहार लिए और उन्हें दुबई में 14 करोड़ रुपये (7.6 लाख अमेरिकी डॉलर) में बेचा।

मूल्यवान उपहारों में हीरे के आभूषण, कंगन, घड़ियां और सेट शामिल हैं।÷ शहबाज ने कहा कि उन्हें भी एक बार एक घड़ी मिली थी जिसे उन्होंने तोशाखाना में जमा कर दिया था। नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ने कहा, ÷मुझे कुछ छिपाने की जरूरत नहीं है।' खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार तोशाखाना से रखे गए उपहारों के बारे में विवरण साझा करने से हिचक रही थी। खान के खिलाफ संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) द्वारा तोशाखाना से एक कीमती हार बेचने, राष्ट्रीय खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिए एक जांच शुरू की गई है। खबर में कहा गया है कि यह हार लाहौर में एक जौहरी को प्रवासी पाकिस्तानियों और मानव संसाधन विकास के लिए प्रधानमंत्री के पूर्व विशेष सहायक जुल्फी बुखारी के माध्यम से 18 करोड़ रुपये में बेचा गया था, जबकि उस राशि का केवल एक अंश तोशाखाना को दिया गया था। आरोपों के जवाब में बुखारी ने कहा कि हार बेचने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हार के बारे में कभी कोई बात नहीं हुई थी और आरोप बेबुनियाद और निराधार थे। इस बीच, पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि खान ने सरकार से घड़ी खरीदी थी जो एक दूसरे देश से उपहार के रूप में मिली थी। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि शहबाज का वास्तविक मुद्दा क्या है', उन्होंने आरोप लगाया कि शहबाज भ्रमित हैं क्योंकि वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि खान के खिलाफ आरोप कैसे लगाया जाए। फवाद ने कहा कि घड़ी की कीमत चाहे जितनी भी हो, 'अगर यह मेरी है तो मैं उस घड़ी को बेच सकता हूं।